संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

04 नवंबर 2025, मंगलवार

पृष्ठ-10, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 043

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### झारखंड में ठंड की दस्तक

**रांची ।** झारखंड में मौसम बदलने लगा है और ठंड महसूस की जा रही है। राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।रविवार की तुलना में सोमवार को रांची का न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस कम रहा. रविवार को न्यूनतम तापमान 20 डिग्री था, जो सोमवार को घटकर 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक राज्य में मौसम शुष्क रहेगा।

## पारंपरिक तरीके से लुगुबुरू घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ राजकीय महोत्सव का हुआ शुभारंभ

### अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म सम्मेलन शुरू, कल समारोह में मुख्यमंत्री होंगे शामिल

### आस्था का सैलाब-दस हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे लुगुबाबा के दरबार



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**धनबाद।** बोकारो के गोमिया प्रखंड के ललपनिया स्थित पहाड़ पर लुगूबुरु घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ में तीन दिनों का अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म सम्मेलन शुरू हो गया। सोमवार से श्रद्धालु जुटने लगे। राजकीय महोत्सव में पहले दिन डीसी अजयनाथ झा और एसपी हरविंदर सिंह ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। पाहन मंगू मरांडी के नेतृत्व में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा कराई गई।

समिति की ओर से यहां तीन दिवसीय 25वां अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य पूजा कार्तिक पूर्णिमा यानी सोहराय कुनामी के दिन बुधवार को होगी। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व अधिकारी से लेकर तमाम तरह के खास व आम श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचेंगे।

झारखंड सहित दूसरे राज्यों तथा विदेशों से भी श्रद्धालु यहां आते हैं। ऐसे में जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और श्रद्धा तीनों पहलुओं को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने टेंट सिटी, बस सेवा, स्वास्थ्य शिविर, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता टीमों को सक्रिय कर दिया है। मालूम हो कि इस जगह से संताल समाज की धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी है।

डीसी ने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। पहले ही दिन श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व सैलाब उमड़ा। दस हजार से अधिक श्रद्धालु लुगु पहाड़ पर चढ़कर लुगुबाबा के दर्शन के लिए पहुंचे।सूर्योदय के साथ ही श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में गीत-संगीत गाते हुए आस्था की राह पर आगे बढ़ते* दिखाई दिए। भक्तों ने कहा कि लुगुबाबा हमारे पुरखों की आत्मा हैं, हमारी धरती और हमारे धर्म के रक्षक। यहां आकर मन को शांति और आत्मा को शक्ति मिलती है।

## जंगलराज वालों को सजा दो, बिहार को बचाओ : प्रधानमंत्री



**एजेंसी**

**सहरसा ।** बिहार विधानसभा के लिए पहले चरण के लिए होने वाले मतदान का प्रचार अभियान अब अपने अंतिम चरण में है।तमाम दलों के नेता प्रदेश की जनता से अपने-अपने दलों के उम्मीदवारों के पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पहले चरण की वोटिंग से पहले सहरसा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत महागठबंधन के तमाम घटक दलों पर तीखा प्रहार किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहरसा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार को एक बार फिर जंगलराज में धकेलने की कोशिश की जा रही है। राजद और कांग्रेस ने बदले की राजनीति में बिहार का विकास रोक दिया था। बिहार का फैसला अब सिर्फ बिहार का नहीं, बल्कि भारत के भविष्य का फैसला होगा। उन्होंने कहा कि जंगलराज की राजनीति को जनता ने एक बार हराया था और अब 2025 में उसे इतिहास से मिटा देने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की पहचान अब भ्रष्टाचार या डर नहीं, बल्कि विकास, डिजिटल शक्ति और वैश्विक सम्मान से है।

## 20 वर्ष क्यों लगे 10 हजार देने में : प्रियंका



**एजेंसी**

**सहरसा ।** बिहार में सहरसा जिले के सोनवर्षा राज की आधी आबादी को चुनाव की घोषणा से एक हफ्ते पूर्व 10 हजार रूपये देने वाली सरकार से पूछने की जरुरत है की इसके लिए उन्हें 20 वर्षो का इंतजार क्यों करना पडा। उक्त बातें रविवार को कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी ने उच्च विद्यालय सोनवर्षा के उच्च विद्यालय के मैदान में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कही। निर्धारित समय से ढेढ घंटे विलंब से पहुंची प्रियंका गांधी ने अपने 25 मिनट के सम्बोधन में एक बार भी राजद सुप्रिमों लालू यादव एवं तेजस्वी का नाम नहीं लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री पर जमकर निशाना साधा। उन्होने कहा की लोगों के मुल वोट के अधिकार जिससे सरकार बनती और बिगड़ती है उस मूल अधिकार का हनन राज्य और केन्द्र की सरकार द्वारा किया जा रहा है। बिहार में 65 लाख लोगो का नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है। जिसका मतलब ही लोगों की नागरिकता छिनना है।

## झारखंड में व्यापारियों की नहीं आदिवासी-मूलवासियों की है सरकार : हेमंत सोरेन



**संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम ।** पूर्वी सिंहभूम जिले की घाटशिला विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव को लेकर सोमवार को मुसाबनी में झामुमो गठबंधन की एक बड़ी चुनावी सभा आयोजित हुई। इस मौके पर झामुमो गठबंधन प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन (पूर्व मंत्री स्व. रामदास सोरेन के पुत्र) के समर्थन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में व्यापारियों की नहीं, बल्कि आदिवासी और मूलवासियों की सरकार है। हमारी सरकार ने राज्य में विकास के साथ-साथ यहां के आदिवासी-मूलवासी समाज को उनका हक और अधिकार दिलाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि घाटशिला की जनता के दिलों में बसने वाले झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय रामदास दा के असामयिक निधन के कारण यह उपचुनाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि जैसा स्नेह और प्यार घाटशिला की जनता ने रामदास दा को दिया था, वैसा ही आशीर्वाद उनके बेटे सोमेश को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि सोमेश चंद्र सोरेन अपने पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने का काम करेंगे।

## बच्चे के सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की याचिका खारिज

### सुप्रीम कोर्ट ने किया नेपाल का ज़िक्र



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने 14 से 18 वर्ष के बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज किया है। शीर्ष अदालत ने याचिका पर सुनवाई करते हुए साफ कहा कि इस तरह के फैसले नीतिगत मामले हैं, जिन पर निर्णय लेना सरकार का अधिकार क्षेत्र है, न्यायपालिका का नहीं।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से कहा, 'आप जानते हैं, नेपाल में जब इस तरह का प्रतिबंध लगाने की कोशिश की गई थी, तब क्या हुआ था? साथ ही कोर्ट ने कहा, 'धन्यवाद, हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर रहे हैं।

दरअसल याचिकाकर्ता ने दलील दी कि कोविड-19 महामारी के बाद बच्चे मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के आदि हो गए हैं, इससे उनकी मानसिक स्थिति और पढ़ाई पर बुरा असर पड़ा है। उन्होंने तर्क दिया कि यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, चीन और अरब देशों में नाबालिगों के सोशल मीडिया उपयोग पर पहले से ही प्रतिबंध है, लेकिन भारत में ऐसा कोई नियम नहीं बनाया गया है। याचिका में बताया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म बच्चों की एकाग्रता, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक व्यवहार पर नकारात्मक असर डाल रहे हैं, और माता-पिता के कंट्रोल से भी बच्चे पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह पा रहे हैं।

## दुमका जिला के दो ग्रामीण सड़क पीडब्यूडी रोड को हस्तांतरित

### अंबेडकर अवास योजना की राशि और लक्ष्य बढ़ा

### ● हॉकी खिलाड़ी सलिमा टेटे और निकी प्रधान का स्टांप व रजिस्ट्री शुल्क माफ

**कैबिनेट का फैसला**

**संवाददाता**

**रांची ।** कैबिनेट की समोवार को यहां हुई बैठक में दुमका जिला के दो ग्रामीण सड़कों को पीडब्यू डी रोड को हस्तंरित करने का निर्णय लिया गया। रांची जिले के मांडर और चान्हो प्रखंड में 2 अरब 36 करोड़ 20 लाख 81 हजार रुपये से कैंबो मेगालिफ्ट परियोजना की शुरूआत की जाएगी। इससे दोनों प्रखंडों के 14 गांवों के 4055 हेक्टेयर जमीन की सिंचाई होगी। यह निर्णय सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने पत्रकारों को दी। कैबिनेट सचिव ने बताया कि इस योजना के अनुसार कैंबो मेगालिफट परियोजना के तहत दक्षिणी कोयल नदी से पानी लिफट (उद्वह) कर भूमिगत पाईपालाइन, डिलीवरी चैंबर, डिस्ट्री ब्यूरशन सिस्टम और कंट्रोल मैकेनिज्म् का प्रावधान करते हुए योजना को लेकर आरंभिक योजना प्रतिवेदन (पीपीआर) तैयार किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को झारखंड आवास बोर्ड की ओर से निःशुल्क आवंटित भूखंड के निबंधन में मुद्रांक और निबंधन शुःल्क को माफ करने का फैसला लिया गया।

- दुमका जिलान्तर्गत के बरमसिया से शहरघाटी पथ (लम्बाई 8.130 किमी) को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण और मजबूतीकरण एवं पुनर्निमाण कार्य (भू-अर्जन, युटिलिटी शिफ्टींग) के लिए 44 करोड 93 लाख 31 हजार 800 सौ रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- दुमका जिले के करमाटांड से भोगतानडीह (पीडब्यू डी रोड) पथ (लंबाई 7.775 किमी) को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य (पुल कार्य, भू-अर्जन, युटिलिटी शिफ्टींगऔर पौधारोपण सहित) के लिए 35 करोड 81 लाख 42 लाख रुपये की मंजूरी दी गई।
- बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना अन्तर्गत सहयोग राशि 1.30 लाख रुपए से वृद्धि कर सहयोग राशि को दो लाख रुपये करने का फैसला कैबिनेट में लिया गया। साथ ही पूर्व के लक्ष्य 176 को बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2400 करने का निर्णय लिया गया।

## तेलंगाना बस दुर्घटना में 20 लोगों की मौत



**एजेंसी**

**हैदराबाद ।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के चेवेल्ला मंडल के मिर्जागुड़ा में हैदराबाद-बीजापुर राजमार्ग पर आज सुबह सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या 20 हो गई। दुर्घटना में 32 घायलों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बस पर पलटने वाले टिपर में ओवरलोड बजरी लदी थी। राज्य के परिवहन मंत्री ने दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं।राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देने का ऐलान किया है।

### जयपुर में शराबी ड्राइवर ने 17 गाडियों को कुचला, 13 की मौत

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर में तेज रफ्तार डंपर ने एक के बाद एक 17 गाडियों को टक्कर मार दी। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में कई के शरीर टुकड़ों में बंट गए। किसी का पैर कट गया तो किसी का हाथ। हादसे में 10 घायल हो गए। 6 गंभीर घायलों को एसएमएस अस्पताल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि हादसा सोमवार दोपहर हरमाड़ा के लोहा मंडी पर हुआ। दोपहर करीब 1 बजे डंपर आरजे-14 जीपी 8724 लोहा मंडी पेट्रोल पंप की तरफ से रोड नंबर -14 से हाईवे पर चढने के लिए जा रहा था। इस दौरान उसने गाडियों को टक्कर मार दी। लोगों ने डंपर ड्राइवर को मौके से पकड़ लिया। वह नशे में था।

## दुमका : नूरी बस में नर्सिंग की छात्रा से छेड़खानी, बस जब्त

### जामताड़ा से दुमका आ रही थी नर्सिंग की छात्रा

### पीड़िता की शिकायत पर बस कर्मियों ने नहीं किया हस्तक्षेप

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** बस में नर्सिंग की एक छात्रा के साथ छेड़खानी की घटना के बाद झारखंड क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं ने दुधानी में बस को रोक कर हंगामा किया।नर्सिंग की वह छात्रा नूरी ट्रेवल्स की बस पर जामताड़ा में सवार हुई थी।बस के दुमका आने के क्रम में सीट पर बैठे एक यात्री ने उक्त नर्सिंग छात्रा के साथ छेड़खानी किया।आरोप है छात्रा के विरोध करने पर उसे बस की सीट से उठा दिया गया।छात्रा का आरोप है कि जब उसने बस यात्री द्वारा उसके साथ छेड़खानी करने की शिकायत बसकर्मियों से की तो बस कर्मियों ने इस मामले में हस्तक्षेप करने के बजाए इसे हल्के में लेते हुए टाल दिया।जब इस घटना की जानकारी झारखंड क्रांति सेना के नेताओं को मिली तो वे दुधानी टावर चौक पहुंच गए और बस में हंगामा करने लगे।हंगामा के बीच बस के कर्मी मौके से भूमिगत हो गए।इस बीच मौके पर पुलिस पहुंच गई।पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस से शिकायत की है।पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है।

## ट्रेन में गिरने से हुई मौत का मुआवजा देना होगा

### यात्री टिकट वाला हो, या बेटिकट हो, 8 लाख मुआवजा देने के आदेश

**एजेंसी**

**जबलपुर ।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति हिमांशु जोशी ने एक फैसले में कहा है। ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत को रेलवे की विफलता माना जाएगा। हाई कोर्ट ने ट्रिब्यूनल के फैसले को रद्द कर, पीड़ित परिवार को 8 लाख रूपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है, बेटिकट यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने से रोकने की जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की है। यदि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं करता है। उसके लिए रेलवे ही जिम्मेदार है।

गुरमीत सिंह की मौत ट्रेन से गिरने से हुई थी। उसके परिवार ने यह याचिका हाईकोर्ट में लगाई थी। चलती ट्रेन में गिरने से उसकी मौत हुई थी। 26 अप्रैल 2011 को रेलवे ने दावे को खारिज कर दिया था।

## अनिल अंबानी की 3000 करोड़ की 40 प्रॉपर्टीज जब्त

### पाली हिल वाला घर, हेलीपैड से लेकर जिम तक शामिल



**एजेंसी**

**मुंबई ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़ी 40 से ज्यादा प्रॉपर्टीज को अटैच कर दिया है। प्रॉपर्टीज में अनिल अंबानी का पाली हिल वाला घर भी है। अटैच की गई प्रॉपर्टीज की कुल वैल्यू 3,084 करोड़ रुपए बताई जा रही है। ये एक्शन मनी लॉन्ड्रिंग केस में लिया गया है, जिसमें यस बैंक से लिए लोन का फंड डायवर्जन का मामला शामिल है। ईडी का कहना है कि ये पब्लिक मनी रिकवर करने के लिए जरूरी हैं।

प्रॉपर्टी अटैच करने का ये आदेश 31 अक्टूबर 2025 को पीएमएलए की धारा 5(1) के तहत जारी किए गए। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट ब्लैक मनी को रोकने के लिए 2002 में बना था। इसमें प्रॉपर्टी अटैचमेंट से लेकर कोर्ट ट्रायल तक सब कवर होता है। ईडी ने अपनी जांच में पाया है कि रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस में बड़े पैमाने पर फंड्स का गलत इस्तेमाल हुआ।

## बिहार चुनाव में लालू यादव की इंट्री

**प्रियरंजन भारती**

लालू यादव का भी कोई जवाब नहीं।पीएम के रोड शो के दूसरे दिन सोमवार को राजधानी पटना के ग्रामीण क्षेत्रों में धमाकेदार रोड शो कर डाली। मोदी जी ने तो 2.8 किमी का रोड शो किया। लालू ने 15 किलोमीटर नाप डाला। दानापुर में अपराधिक चरित्र के जेल में बंद विधायक रीतलाल यादव आरजेडी उम्मीदवार हैं। उनके खिलाफ लालू यादव के ही पुराने खासुलखास पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद बीजेपी के रामकृपाल यादव मैदान मारने उतरे हैं। दानापुर के आगे मनेर में आरजेडी के विधायक और प्रवक्ता भाई वीरेंद्र की लड़ाई लोजपा के जीतेंद्र यादव के साथ है। लालू यादव का रोड शो ऐसे समय में हुआ जब वह जमानत पर जेल से बाहर हैं और

### चुनावी चटखारे

आईआरसीटीसी घोटाले में सुनवाई जारी है।अब ई तो चुनाव आचार संहिता के दायरे में आता है कि नहीं ई सब चुनावे आयोग ने तय करेगा। वैसे लालू यादव तो बेटे तेजस्वी के लिए ई बेर एड़ी चोटी के जोर लगैलहीं हैं।

**तेजस्वी के हेलीकाप्टर में तेल खत्म**

सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र के चानन प्रखंड में तेजस्वी यादव की चुनावी सभा थी। हेलीकॉप्टर पहुंचते ही मौत से एनाउंस किया गया कि तेजस्वी यादव के हेलीकॉप्टर का इंधने खत्म हो गया है।ईंधन लेकर जा रही पीके आप वैन कीचड़ में फंसे गई है। कार्यकर्ताओं और सुरक्षा में लगे सिपाहियों ने धक्का देकर पिक अप वैन को हेलीकॉप्टर तक पहुंचाया।इसी बीच तेजस्वी मंच पर पैदल चलकर पहुंच गए और जनसमूह का अभिवादन किया। कहा कि हेलीकॉप्टर को ट्रैक्टर बना दिया है। एनडीए के दर्जनों नेताओं से लड़ने में अकेले ही डटे हुए हैं। रविवार को सत्रह सभा करनी थी। हेलीकॉप्टर का इंधने खत्म हो गया तो का हुआ सभी से अकेले ही भिड़े हैं।

बात तो सहिए है। महाभारत के योद्धा अभिमन्यु की तरह चक्रव्यूह भेद तो रहबे किए हैं।अब चक्रव्यूह भेद कर ई योद्धा विजयी बनता कि चौतरफा घिरे रह जाता है देखना तो एही न खास होगा

**प्रशांत किशोर की हवा कन्ने है?**

प्रशांत किशोर की पार्टी 243 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।तीन सीट पर उम्मीदवारों के नामांकन रद्द हुए चाहे बैठ गये। लेकिन बदलाव की चाहत में डटल हैं।

अपने चुनाव नहीं लड़ रहे।ई काहे?एही प्वाइंट पर विरोधी घेर रहे हैं।अइसे जो कहिए मगर नई उम्र के जेन जी वोटर में इनके लिए खास लगाव बनल था।अब मोकामा की घटना से ई तटस्थ हो गया कहा जा रहा है। तटस्थ युवा वोटर उत्साह में रहता यदि पीके मैदान में उतरते। वैसे भी रिपोर्ट है कि दो-एक सीट छोड़कर इनके उम्मीदवार कहीं फाइटे में नहीं हैं। यूट्यूबर से नेता बने बहुचर्चित मनीष कश्यप भी लड़ाई में नहीं दिखाई दे रहे।एही न कहल जाता है सियासत का संग्राम! पीके चाहकर भी बिहार के जातीय गोलबंदी से अलग अपन छाप आखिर काहे नहीं छोड़ पा रहे? समझने वाले तो सब समझिए न रहे हैं जी!

## आज थम जाएगा बिहार चुनाव के पहले चरण का चुनाव प्रचार...

### 121 सीट पर 1300 से ज्यादा उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर

### तेजस्वी, सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा सहित कई दिग्गजों की तय होगी किस्मत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/पटना ।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 121 सीटों पर वोटिंग में महज तीन दिन बाकी हैं, जिसके लिए प्रचार जोर-शोर से जारी है। पहले फेज की 121 सीटों पर मंगलवार को प्रचार का शोर थम जाएगा। 6 नवंबर को होने वाले चुनाव में लालू प्रसाद यादव के सियासी वारिस तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव की अग्निपरीक्षा होनी है तो भाजपा के दोनों उपमुख्यमंत्रियों के भाग्य का फैसला होने वाला है। भाजपा के बिहार में सिपहसालार माने जाने वाले सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा का इम्तिहान पहले चरण में होना है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तारापुर विधानसभ सीट से किस्मत आजमा रहे हैं तो उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय सीट से एक बार फिर मैदान में हैं। वहीं, लालू प्रसाद यादव के दोनों ही बेटों- तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव का इम्तिहान पहले फेज में है। तेजस्वी यादव राघोपुर सीट से जीत की हैट्रिक लगाने उतरे हैं तो तेज प्रताप यादव इस बार महुआ सीट से किस्मत आजमा रहे हैं। तेजस्वी जहां आरजेडी से हैं तो तेज प्रताप अपनी पार्टी से उतरे हैं।

# एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने की घटना की सीबीआई जांच हो : बाबूलाल

### घटना के खिलाफ भाजपा का राज्यव्यापी धरना

**संताल एक्सप्रेस**

**चाईबासा / रांची ।** प्रदेश भाजपा ने आज चाईबासा सदर अस्पताल से उजागर हृदय विदारक घटना जिसमे थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाकर मौत परोस दी गई है के मुद्दे पर राज्य व्यापी धरना दिया और महामहिम राज्यपाल के नाम उपायुक्त के हवाले से ज्ञापन भी सौंपा ।सभी जिलों में हजारों लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।राज्य सरकार के खिलाफ ज्ञापन सौंपते हुए घटना की सीबीआई जांच,और दोषी पदाधिकारियों को जेल भेजकर कठोर सजा दिलाने की मांग की। घाटशिला उपचुनाव में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार जनता को जिंदगी नहीं मौत परोस रही है। गरीब लोग सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने जाते हैं लेकिन यह सरकार जिंदगी नहीं मौत देकर ईलाज का नाटक कर रही हैं। उन्होंने हेमंत सरकार को लापरवाह और संवेदनहीन सरकार बताया। मरांडी ने कहा कि लापरवाही का आलम यह है कि केंद्र सरकार ने 13 जनवरी 2021 को ही राज्य में ब्लड बैंकों की स्थिति पर सरकार को पत्र लिखकर जांच कराने का आग्रह किया था। केंद्र सरकार ने कहा था कि राज्य के ब्लड बैंक अवैध चल रहे हैं। खून का व्यापार हो रहा है। कई ब्लड बैंक बिना लाइसेंस के चल रहे ।ऐसे में इसकी गंभीरता से जांच हो और दोषियों पर कारवाई करते हुए व्यवस्था को सुधारा जाए। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य जनक स्थिति यह है कि राज्य सरकार को लोगों की जान की परवाह नहीं है। लोग मरते रहें और राज्य सरकार सत्ता मौज में डूबी रहती है। कहा कि जांच के नाम पर राज्य सरकार ने केवल खाना पूर्ति की।चार वर्षों तक सरकार सोई रही।उसी का परिमाण है कि आज थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाकर मौत परोस दी गई। कहा कि जो खबरें आ रहीं उस हिसाब से संक्रमित खून चढ़ाने का मामला अब एक जिला तक नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में घटित हुआ है। मरांडी ने राज्य भर के ब्लड बैंकों में हुई भयावह धांधली की सीबीआई जांच अथवा उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से जांच कराने की मांग की।श्री मरांडी ने दोषी पदाधिकारियों को जेल भेजकर कड़ी सजा दिलाने तथा भ्रष्ट और निकम्मे स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की।



## थैलीसीमिया मामले पर राजनीतिक रोटियां सेंक रही है भाजपा : झामुमो

**संताल एक्सप्रेस**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय महासचिव और प्रवक्ता विनोद पांडेय ने चाईबासा सदर अस्पताल में बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने की घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से प्रस्तावित राज्यव्यापी धरना देने की बात पर कड़ी आपत्ति जताई है। विनोद पांडेय ने सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि भाजपा बच्चों की मौत पर भी राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है। उन्होंने कहा कि जैसे ही थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने की घटना सामने आई, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को जांच का आदेश दिया। वरिष्ठ अधिकारियों की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति जायजा ले चुकी है। हेमंत सोरेन की सरकार किसी को भी बख्शने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। राज्य सरकार इस पूरे मामले की पारदर्शी जांच कराएगी और सच्चाई जनता के सामने आएगी। बहुत जल्द पूरा सच जनता के सामने आएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि झामुमो सरकार ने ब्लड बैंकों की सख्त निगरानी शुरू कर दी है और दोषियों को जेल भेजने में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मामले में कुछ पदाधिकारियों को निलंबित भी किया जा चुका है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा का काम सिर्फ झूठ फैलाना और जनता को भड़काना रह गया है। जनता समझ चुकी है कि भाजपा को बच्चों की नहीं, सत्ता की चिंता सता रही है। भाजपा यह भूल रही है कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था की दुर्दशा भाजपा की पूर्ववर्ती सरकारों ने की थी। वर्षों तक अव्यवस्था और भ्रष्टाचार पनपने दिया गया और अब जब मौजूदा सरकार सुधार के प्रयास कर रही है, तो भाजपा अफवाह फैलाकर जनता को गुमराह कर रही है। पांडेय ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को शर्म आनी चाहिए कि वह इस त्रासदी को भी राजनीतिक मंच बना रहे हैं। क्या मरांडी को इतनी चिंता तब नहीं हुई थी, जब भाजपा के शासनकाल में दर्जनों ब्लड बैंक बिना लाइसेंस के चल रहे थे?




## संक्रमित रक्त कांड के विरोध में भाजपा का धरना, स्वास्थ्य मंत्री की बर्खास्तगी की मांग



**धनबाद।** चाईबासा में एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने की घटना को लेकर सोमवार को धनबाद जिला भाजपा इकाई ने सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना कार्यक्रम का नेतृत्व धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने किया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राज्य सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के खिलाफ आयोजित किया गया है।श्रवण राय ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य विभाग की स्थिति पूरी तरह चरमरा चुकी है। आए दिन घोटाले और लापरवाहियां सामने आ रही हैं, जिससे आम जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री के कार्यकाल में अस्पतालों में अव्यवस्था बढ़ी है और ठेकेदारों को कमीशन के आधार पर टेंडर दिए जा रहे हैं।

## महाकवि विद्यापति की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**धनबाद।** मिथिलांचल के महान कवि एवं साहित्यकार विद्यापति ठाकुर की पुण्यतिथि पर सोमवार को विद्यापति समिति धनबाद की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।सर्कुलर रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर समिति के सदस्यों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि विद्यापति ठाकुर ने अपने साहित्यिक योगदान और भक्तिमय रचनाओं के माध्यम से मिथिलांचल सहित पूरे देश का नाम रोशन किया है। उनकी काव्य रचनाएं आज भी समाज को प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समिति द्वारा उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई है ।और आगे भी उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया है। अध्यक्ष शिवकांत मिश्रा ने बताया कि धनबाद की विद्यापति समिति 60 वर्ष पुरानी है, समिति की ओर से आज विद्यापति की पुण्तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने बताया कि आज का दिन मिथिलावासियों और पूरे राष्ट्र के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है।

## तालाब में मिली चार आंखों वाली दुर्लभ अमेरिकन कैट फिश



**धनबाद।** धनबाद के भूली बस्ती टुंगरी टोला तालाब में एक दुर्लभ अमेरिकन कैट फिश मिला है। इस अजीबो-गरीब मछली के मिलने की सूचना पर इसे देखने वाले लोगों की मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। जिसने भी इस चार आंख वाले मच्छली को देखा वह हैरान रह गया। मछली की पहली झलक में ऐसा लगा मानो उसकी चार आंखें हों। ग्रामीणों ने जैसे ही तालाब से इस मछली को निकाला, इसे देख सभी आश्चर्य में रह गए। जानकारी के अनुसार, इस मछली की बनावट सामान्य मछलियों से बिल्कुल अलग है। इसके सिर और आंखों की संरचना इसे विशिष्ट बनाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह मछली अमेरिकन प्रजाति की गैम्बूसिया या फ्लोरिडा मस्की मछली जैसी दिखती है, जो आम तौर पर भारत में नहीं पाई जाती।

## परिवहन विभाग ने चलाया रफ्तार घटाओ सुरक्षा बढ़ाओ अभियान



**धनबाद।** धनबाद जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निर्देशानुसार परिवहन विभाग की ओर से चलाए जा रहे ओवर स्पीडिंग जागरूकता सप्ताह (रफ्तार घटाओ सुरक्षा बढ़ाओ) के अंतर्गत पहले दिन सोमवार को धनबाद के सिटी सेंटर चौक के पास चार पहिया, दोपहिया, ऑटो तथा टोटो चालकों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें आमजनों को वाहनों के तेज गति से होने वाली नुकसान, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल तथा वाहन चलाते समय सामने वाले वाहन से हमेशा उचित दूरी बनाए रखने के बारे में जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटना में ओवर स्पीड के कारण ज्यादा मृत्यु हो रही है, जो कि बहुत बड़ी चिंता का विषय है। इसलिए आमजनों को हमेशा वाहन नियंत्रित गति से चलाने की आवश्यकता है। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजीनियर ऐनालिस्ट अमरेश कुमार तथा आई टी असिस्टेंट देवेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

## गोविंदपुर के पूर्व सीओ व सीआई पर कार्रवाई की तलवार

**धनबाद।** गोविंदपुर के पूर्व सीओ रामजी वर्मा तथा वर्तमान सीआई (अंचल निरीक्षक ) पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। दोनों पर राज्य सरकार ने कार्रवाई की है। सीओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा सीआई को अनिवार्य सेवानिवृत्त की चेतावनी दी गई है। सीआई को पंद्रह दिनों के अंदर अपना पक्ष रखने को कहा गया है। जानकारी के अनुसार, विधायक राज सिन्हा ने पूर्व सीओ रामजी वर्मा के खिलाफ मामला विधानसभा में उठाया था। सरकार ने कई बार जिला प्रशासन से उनका मंतव्य मांगा, लेकिन अब तक जवाब नहीं भेजा गया है, जिससे कार्रवाई बाधित हो गई है। सरकार के संयुक्त सचिव अनल प्रतीक मिंज ने धनबाद डीसी को निर्देश दिया है कि रामजी वर्मा के खिलाफ आरोपों पर तत्काल मंतव्य भेजा जाए। वर्मा पर अदालत के आदेशों की अवहेलना, अभिलेखों के रखरखाव में लापरवाही और अतिक्रमण वादों की गड़बड़ी के आरोप हैं। वहीं दूसरी ओर, सरकार की संयुक्त सचिव मंजू रानी स्वांसी ने अंचल निरीक्षक कुमार सत्यम भारद्वाज के खिलाफ विभागीय जांच रिपोर्ट में लगे आरोपों को प्रमाणित पाया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारद्वाज ने पंजी- टू में अपने लाभ के लिए छेड़छाड़ करने के आरोप लगे हैं।

## एसएसपी ने सात पुलिस पदाधिकारियों का किया तबादला

**रांची।** रांची के एसएसपी राकेश रंजन ने सात पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में रविवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी गई है।जारी अधिसूचना के अनुसार तबादला किए गए पदाधिकारियों में पांच इंस्पेक्टर और दो सब-इंस्पेक्टर शामिल हैं। इंस्पेक्टर अशोक कुमार को सुखदेव नगर का थाना प्रभारी बनाया गया है। जबकि इंस्पेक्टर असित कुमार मोदी को सदर पश्चिमी का सर्किल इंस्पेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं, इंस्पेक्टर जयप्रकाश राणा को मांडर सर्किल इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार साहू को डायल 112 का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही इंस्पेक्टर सुशील कुमार को यातायात थाना प्रभारी कोतवाली (चुटिया) के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## तीन बच्चों की मां प्रेमी के साथ भागी

**गढ़वा ।** झारखंड के गढ़वा जिले के सोहबरिया गांव में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां तीन बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ घर से भाग गई। पीड़ित पति कामेश्वर चौधरी ने थाने में आवेदन देकर पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, महिला बिना किसी को बताए घर छोड़कर चली गई। उस दिन उसका पति काम पर बाहर गया था। घर लौटने पर जब पत्नी नहीं मिली, तब पूछताछ में पता चला कि वह नंदकुली चौधरी नामक युवक के साथ भाग गई है। पीड़ित पति ने बताया कि पत्नी तीन छोटे ब'चों को छोड़कर चली गई है। इसके अलावा घर से करीब ×2 हजार 500 रुपये नकद और कुछ घरेलू सामान भी लेकर गई। पति ने पुलिस से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द दोनों को खोजा जाए और मुझे न्याय दिलाया जाए। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर फरार महिला और उसके प्रेमी की तलाश में पुलिस टीम लगा दी गई है। थाना प्रभारी ने कहा कि दो से तीन दिनों के भीतर दोनों को गिरफ्तार करने की पूरी कोशिश की जा रही है। वहीं घटना ने पूरे गांव को हैरान कर दिया है।

## हर घर तक पहुँचेगा संघ का संदेश : 5 नवम्बर से तीन सप्ताह का गृह सम्पर्क अभियान

**रांची ।** जबलपुर में 30 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। देशभर के सभी प्रांतों से आए प्रतिनिधियों ने इस बैठक में भाग लिया। इसमें संघ के विविध कार्यों, संगठन की विस्तार योजना, राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक पुनर्जागरण एवं सामाजिक समरसता के विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। इस वर्ष देशभर में 62,555 स्थानों पर विजयादशमी उत्सव आयोजित हुए। झारखंड प्रांत में 1783 स्थानों पर कुल 1879 विजयादशमी उत्सव सम्पन्न हुए, जिनमें 74,347 लोगों की उपस्थिति रही।झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के 1,264 मंडलों में से 948 मंडलों में कार्यक्रम हुए। आस-पास के मंडलों के सम्मिलन से कुल 1,016 मंडलों का प्रतिनिधित्व 317 स्थानों पर हुआ। 31,678 स्वयंसेवक गणवेश में उपस्थित रहे तथा 390 स्थानों पर पथ संचलन आयोजित हुए। दत्तात्रेय होसबोले जी ने अपने वक्तव्य में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल जनजातीय समाज के नायक नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत की आत्मा के प्रतीक हैं - जिन्होंने स्वराज, स्वाभिमान, संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए अल्पायु में ही अद्वितीय संघर्ष किया। अबुआ दिसुम, अबुआ राज का उनका उद्घोष आज भी जन-जागरण का प्रेरक संदेश है। उन्होंने अंधविश्वास, अन्याय और पाखंड के विरुद्ध जनचेतना जगाई और समाज को एकता, आत्मनिर्भरता व धर्मनिष्ठा का मार्ग दिखाया। सरकार्यवाह जी ने कहा कि बिरसा मुंडा के जीवन से आज के समाज को आत्मगौरव, एकात्मता और संगठन की प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके विचार और कार्य पथ हमें स्वत्व बोध तथा स्वाभिमान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं।

## गिरिडीह से तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह से पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तीनों के पास से कई सामान भी बरामद किए गए हैं। गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. विमल कुमार और साइबर पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आबिद खान ने सोमवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इस पूरे मामले की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गांडेय के एक गांव से दो अपराधी दाब निवासी साजिद अंसारी और नजाऊल अंसारी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अहिल्यापुर के जोरासिमर गांव से चंदन मंडल की गिरफ्तारी हुई है । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दो अपराधी आलम अंसारी और फार्मूल अंसारी फरार होने में सफल रहे। गिरफ्तार किए गए तीनों अपराधियों के पास से 4 मोबाइल फोन, 5 सिम कार्ड और दो एटीएम कार्ड जब्त किए गए हैं। तीनो अपराधी एयरटेल का भुगतान अधिकारी बनकर लोगों को कॉल करते थे, और ओटीपी हासिल कर उनके बैंक खातों से पैसे उड़ा लेते थे।

## विवाद में पड़ोसी की हत्या, एक गिरफ्तार

**पलामू।** पलामू के हरिहरगंज के सतगांवा के जसमुद्दीन अंसारी की हत्या चार फीट रास्ता विवाद में हुई थी। पड़ोसी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर तेज धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी थी। घटना के 6 दिन के भीतर पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जबकि घटना में इस्तेमाल कटार, मोबाइल एवं मृतक का पहना हुआ कपड़ा बरामद किया गया है। मुख्य आरोपित सहित दो फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। हत्या का सौदा डेढ लाख में तय हुआ था। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने सोमवार को बताया कि जसमुद्दीन अंसारी का उसके पड़ोसी इरफान अंसारी से चार फीट रास्ता को लेकर विवाद था। दोनों के बीच मकान बनाने से पहले चार फीट रास्ता छोड़कर निर्माण का निजी समझौता हुआ था। चार फीट छोड़कर जसमुद्दीन ने मकान बनाया था। इधर जब इरफान मकान बनाने लगा तो उसने जमीन नहीं छोड़ी। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। मामला काफी बढ जाने के कारण इरफान ने जसमुद्दीन की हत्या की योजना बनायी।

## विनय सिंह और स्निग्धा सिंह के केस में एसीबी कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**रांची।**आईएएस विनय चौबे के हजारीबाग डीसी रहने के दौरान वन भूमि की अवैध ढंग से खरीद-बिक्री और नियम विरुद्ध म्यूटेशन से जुड़े केस के प्रमुख आरोपी विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह की अलग-अलग याचिका पर हजारीबाग एसीबी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई।सोमवार को एसीबी और बचाव पक्ष की बहस और दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब कोर्ट क्या फैसला सुनाता है, यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा क्योंकि विनय सिंह जेल की सलाखों के पीछे हैं और उनकी पत्नी पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। आईएएस विनय चौबे के करीबी ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह एसीबी की कांड संख्या 11/2025 की नामजद आरोपी हैं। एसीबी के मुताबिक, जिस भूमि को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है, वह विनय सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह के नाम है।यह भूमि हजारीबाग के सदर अंचल के थाना नंबर 252 में स्थित है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, ठिका**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, द. पू. रेलवे/रांची-834003 भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन लातार रे ओलाकान कामी लागित् **ई-ठिका नेवतायेत् काना: ई-ठिका खोबोर संख्या: एम-41-ओबीएचएस-एलडी-आरएनसी-66; कामी रेयाक् जुतुम:** कोचिंग डिपो, हटिया रेयाक् आसोल ट्रेनको रे एसी कोचको रे ऑन बोर्ड सफाय आर साफा-साफी सेवा आर लिनेन हाटिञ, 3 (पे) बोछोर सोमोय लागित्; **कामी रेयाक् ओनमानाकात् पूंजी (जीएसटी सांवते):** रु. 62,11,22,903.64; **बायना पायसा:** रु. 32,55,600.00; **ई-ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोय:** 25.11.2025 हिलोक् 15.00 बजे; वेबसाइट रेयाक् बिवरोन आर बानाडाय: **www.ireps.gov.in**

**(PR-793)**

## सड़क हादसे में एक की मौत

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में गितिलता टोला भुरसाडीह निवासी विक्रम बास्के की मौत हो गई। हादसा हाता-टाटा मुख्य मार्ग पर गितिलता के पास उस समय हुआ जब विक्रम अपनी पत्नी को कुदादा छोड़कर घर लौट रहे थे।

## झारखंड की कृषि मंत्री ने प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



**रांची।** झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को चान्हो प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) और अंचल अधिकारी (सीओ) सहित कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। मंत्री ने कार्यालय के एक-एक कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया और कार्य के लिए आए ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने अधिकारियों की अनुपस्थिति और लापरवाही की शिकायत मंत्री के समक्ष रखी। कार्यालय में पसरे सन्नाटे और बंद कमरों को देखकर मंत्री ने नाराज़गी जताई और तत्काल रांची उपायुक्त (डीसी) को इसकी सूचना दी। उन्होंने बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर शोकॉज़ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही सीओ और बीडीओ को भी कार्यालय से अनुपस्थित रहने का कारण बताने का आदेश दिया गया। कृषि मंत्री ने कहा कि चान्हो प्रखंड कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के नियमित रूप से समय पर नहीं पहुंचने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं, जिस पर आज यह औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय जनता की सेवा के लिए है, व्यक्तिगत सुविधा के लिए नहीं। अगर अधिकारी और कर्मचारी व्यवस्था एवं अनुशासन का पालन नहीं करते, तो ऐसे अधिकारियों की आवश्यकता मांडर विधानसभा क्षेत्र में नहीं है। इस दौरान कई लोग मौजूद थे।

## पानी को लेकर हुए विवाद में भाई ने बहन और जीजा पर किया चाकू से हमला

**सरायकेला।** सरायकेला जिला के सीनी ओपी क्षेत्र अंतर्गत चेतानपुरा गांव में सोमवार सुबह की पानी बांटने को लेकर हुए विवाद ने खौफनाक मोड़ ले लिया। आपसी कहासुनी के दौरान एक युवक ने अपनी ही बहन और जीजा पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रमीणों के अनुसार, सरायकेला जिले के ही डोलानडीह गांव निवासी कुश पाड़ेया और उनकी पत्नी बुधनी अपने खेत में पानी के बंटवारे को लेकर विवाद सुलझाने चेतानपुरा आए थे। इसी दौरान उनका साला बासिल मेलगांडी आपा खो बैठा और गुस्से में दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में कुश पाड़ेया गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बुधनी को हाथ और कंधे में चोट आई है। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को सरायकेला सदर अस्पताल पहुंचाया और फिर वहां से डॉक्टरों ने कुश पाड़ेया की गंभीर हालत में को देखते हुए एमजीएम, जमशेदपुर रेफर कर दिया, जबकि बुधनी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घटना की सूचना पर सीनी ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। ओपी प्रभारी ने बताया कि खेत में पानी बांटने को लेकर दोनों पक्षों के बीच पिछले कुछ दिनों से तनातनी चल रही थी। फिलहाल, आरोपी बासिल मेलगांडी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## विधायक ने किया गेहूं बीज वितरण समारोह का शुभारंभ

**धनबाद।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) की ओर से हरा हरियाली बीज भण्डार, राजगंज, (बाघमारा) धनबाद में गेहूं बीज प्रभेद वितरण समारोह का शुभारंभ सोमवार को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया। जिला कृषि पदाधिकारी, धनबाद डॉ0 अभिषेक मिश्र ने बताया की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) की ओर से धनबाद में बिरसा बीज विनिमय एवं वितरण योजना के तहत 50प्रतिशत अनुदान पर गेहूं बीज प्रभेद डिबिडब्ल्यू-187 200 क्वि0, एचडी-2967 200 क्वि0 के वितरण किया जाएगा, जिसके तहत आज कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

### रघुनाथपुरगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं का अभाव

**धनबाद।** धनबाद जिले के पूर्वी टुंडी प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथपुरगढ़ में बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई आवश्यक सुविधाओं की कमी पाई गई।करीब 15 वर्ष पूर्व प्रखंड अलग हो जाने के बावजूद आज तक इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध नहीं है, न ही गर्भवती महिलाओं के प्रसव की कोई व्यवस्था है। अस्पताल गोविंदपुर-साहेबगंज रोड के शंकरडीह मोड़ के पास स्थित है, जो अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का क्षेत्र बन गया है। रात के समय दुर्घटना होने पर मरीजों को 25 किलोमीटर दूर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज, धनबाद ले जाना पड़ता है, जिससे कई बार गंभीर मरीजों की रास्ते में मौत तक हो चुकी है।

## मुखिया पति फायरिंग कांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**धनबाद।** बाघमारा के मंदरा पंचायत की मुखिया ललिता देवी के पति शंकर बेलदार पर फायरिंग मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। घटना के मुख्य अभियुक्त और मास्टरमाइंड विश्वनाथ चक्रवर्ती उर्फ विशू को पुलिस ने बोकारो से गिरफ्तार कर लिया है।गौरतलब है कि गत 25 अगस्त को अपराधियों ने शंकर बेलदार पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग की थी। दो गोलियां लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी।गुप्त सूचना के आधार पर बाघमारा एसडीपीओ पुरषोत्तम सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने छापेमारी कर विशू चक्रवर्ती को बोकारो से धर दबोचा। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर लिया है।गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए एसडीपीओ पुरषोत्तम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी पर पहले से कई जघन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना में संलिप्तता के आधार पर आरोपी के खिलाफ ठोस निरोधात्मक कार्रवाई की अनुशंसा भी की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने विशू चक्रवर्ती को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# यहां आने वाले सभी लुगुबाबा के अतिथि : डीसी

**संताल एक्सप्रेस**

**बोकारो।** यहां आने वालेवाले हर व्यक्ति लुगुबाबा के अतिथि हैं। सेवाभाव से ड्यूटी निभाएं। इस पवित्र स्थल से संताल समाज की आस्था जुड़ी है। यह ध्यान रहे कि उनकी आस्था पर कोई भी प्रतिकूल असर नहीं पड़े। उक्त बातें गोमिया प्रखंड के ललपनिया में लुगुबुरू घांटाबाड़ी धोरोमगढ़ राजकीय महोत्सव में पहुंचे बोकारो के डीसी अजय नाथ झा ने कही। डीसी तथा एसपी हरविंदर सिंह सोमवार को मेला परिसर पहुंचे थे। दोनों अधिकारियों ने मेला में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित किया। आवश्यक सावधानी और सरकारी निर्देशों की जानकारी दी। क्या करना है और क्या नहीं, के बारे में भी बताया। डीसी अजय नाथ झा और अधीक्षक एसपी) हरविंदर सिंह ने महोत्सव स्थल के समीप फुटबॉल मैदान (टेंट सिटी परिसर) में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से ब्रिफिंग दी।डीसी ने सभी अधिकारियों को दायित्वों के प्रति पूर्ण निष्ठा,अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि जब तक किसी अधिकारी का रिप्लेसमेंट नहीं आता, वह अपने तैनाती के स्थान को नहीं छोड़े। डीसी ने कहा कि श्रद्धालुओं के साथ विनम्रता और सहयोगपूर्ण व्यवहार रखें, ताकि सभी को लुगु बाबा के दरबार में आने का सकारात्मक और श्रद्धापूर्ण अनुभव मिले।एसपी हरविंदर सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपसी संवाद और समन्वय बनाए रखे। सभी अधिकारी और पुलिसकर्मी आपस में मोबाइल नंबर साझा करें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत संपर्क स्थापितहो सके। किसी श्रद्धालु या व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए।ड्रेस कोड का पालन और शालीन आचरण आवश्यक है।



## डीसी ने की जनशिकायत एवं इंटरनल ट्रैकिंग सिस्टम की समीक्षा

**गोड्डा ।** उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में आयोजित समीक्षा बैठक में जन शिकायत जनशिकायत एवं इंटरनल ट्रैकिंग सिस्टम से संबंधित विभागवार समीक्षा की गई। जनता दरबार में प्राप्त हुए विभिन्न विभागों के 176 लंबित मामलों पर विचार- विमर्श किया गया। उन्होंने विशेष रूप से बिजली, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने नशा मुक्ति अभियान के क्रियाकलाप एवं मानवाधिकार आयोग सहित अन्य मामलों से संबंधित विभागीय अधिकारी शिकायतों का निवारण करने के साथ-साथ उसकी एक्शन टैकन रिपोर्ट भी संबंधित पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायत पोर्टल पर किसी भी प्रकार की कोई शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। इसके साथ ही अधिकारी समय-समय पर जन शिकायत व इंटरनल ट्रैकिंग सिस्टम को भी चेक करें और निर्धारित समयावधि में ही शिकायतों को हल करना सुनिश्चित करें।

## डोर टू डोर कार्यक्रम के तहत विधिक शिविर



**गोड्डा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सोमवार को सदर प्रखंड के मछिया सिमरडा पंचायत में डोर टू डोर कार्यक्रम के तहत विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। डालसा अध्यक्ष सह पीडीजे एंव सचिव दीपक कुमार के निर्देश के आलोक में अधिकार मित्र सह पीएलवी इंतेखाब आलम ने ग्रामीणों को कानूनी व सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। डालसा टीम ने गंदी बस्ती या सड़क पर रहने वाले बच्चों को नशे की लत छुड़ाने को लेकर झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रोजेक्ट वात्सल्य पर प्रकाश डाला। नशीले पदार्थ के सेवन से कैसे बच्चे पतन की ओर जाते हैं।

## नाबालिग को भगाने के आरोपी गिरफ्तार

**बसंतराय ।** प्रखंड थाना से करीब दस दिन पहले नाबालिग लड़की को शादी की नियत से बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी रामदेव राज वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने शनिवार की देर रात बांका (बिहार) जिले के धोरैया थाना क्षेत्र के महिला बिशनपुर गांव में छापेमारी कर आरोपी 27 वर्षीय जुबैर आलम को दबोच लिया। जानकारी के अनुसार, आरोपी जुबैर आलम तीन बच्चों का पिता है। उस पर आरोप है कि उसने प्रेमजाल में फंसाकर एक नाबालिग लड़की को अपने साथ भगा लिया था। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने बसंतराय थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदन के आधार पर पुलिस ने त्वरित जांच शुरू करते हुए तकनीकी अनुसंधान और स्थानीय सूत्रों की मदद से आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी अभियान चलाया। थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी बिशनपुर गांव में छिपा हुआ है।

## करंट की चपेट में आने से 6 मवेशियों की मौत

**नाला (जामताड़ा) ।** नाला प्रखंड अंतर्गत खैरा पंचायत के घोड़ा दहा गांव में सोमवार को हुए दर्दनाक हादसे में 11,000 वोल्ट बिजली की तार की चपेट में आने से 6 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए खैरा पंचायत के मुखिया लखीलाल मरांडी ने बताया कि सभी मवेशी डंगाल में चर रहे थे। इसी दौरान ऊपर से गुज़र रही हाई टेंशन तार अचानक टूटकर नीचे गिर गई, जिससे मवेशी उसकी चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मुखिया लखीलाल मरांडी, बिंदापाथर थाना प्रभारी विकास कुमार यादव, झामुमो प्रखंड सचिव वासुदेव हांसदा सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। बताया जाता है कि इस घटना में दर्शन मरांडी की एक गाय, चामु हांसदा, नंदलाल हांसदा, गणेश किस्कु, बबलू मुर्मू और तुलसी टुडू – प्रत्येक की एक-एक बैल की मौत हुई है। ग्रामीणों के अनुसार मृत मवेशियों की कुल कीमत लगभग तीन लाख रुपये आंकी जा रही है। इधर मुखिया लखीलाल मरांडी ने विभाग से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजे की मांग की है।

## बीडीओ ने किया प्रधानमंत्री आवास योजना का स्थल निरीक्षण

**नाला (जामताड़ा)।** नाला प्रखंड की बीडीओ आकांक्षा कुमारी ने सोमवार को चकनयापाड़ा पंचायत के विभिन्न गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैरागीडी गांव में लाभुक सजल मंडल, कल्याणी देवी, उज्ज्वल राउत, परिमल राउत एवं उमेश राउत आदि के आवासों का जायजा लिया। इस दौरान कई आवास डीपीसी स्तर तक जोड़े पाए गए, जबकि कुछ स्थलों पर ईंट एवं बालू तो रखे हुए थे, परंतु निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ था। बीडीओ ने ऐसे लाभुकों को अगले दिन से निर्माण कार्य शुरू करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि कई लाभुकों को योजना की पहली किस्त ?40,000 की राशि प्राप्त हो चुकी है, फिर भी कुछ लाभुकों ने निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है। कुछ ने राशि वापस करने की बात कही। बीडीओ आकांक्षा कुमारी ने संबंधित लाभुकों को समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रखंड समन्वयक सह प्रखंड समाज कल्याण पदाधिकारी सुबल कुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने की घटना पर भाजपा का धरना, स्वास्थ्य मंत्री की बर्खास्तगी की मांग

संताल एक्सप्रेस



**जामताड़ा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित सात बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने की भयावह घटना के विरोध में सोमवार को जामताड़ा नगर के गांधी चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित शरण ने किया। प्रदर्शनकारियों ने राज्य की चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था और मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें पद से बर्खास्त करने की मांग की। सुमित शरण ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद से झारखंड की चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। जिस मंत्री के गृह जिले में रोजाना लापरवाही से बच्चों की मौत हो रही है, उसे पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।उन्होंने बताया कि मंत्री के पत्र पर भी मरीजों का इलाज नहीं हो रहा, जो यह साबित करता है कि विभाग में कोई अनुशासन नहीं बचा है। भाजपा नेता वीरेंद्र मंडल ने कहा कि झारखंड के अस्पताल खुद मरीज बन गए हैं, और जामताड़ा सदर अस्पताल तो अब रेफरल सेंटर बन चुका है। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश राय और संतन मिश्रा ने स्वास्थ्य मंत्री पर भ्रष्टाचार और कर्तव्यहीनता के गंभीर आरोप लगाए। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सुकुमार सरखेल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री दिलीप हेमब्रम ने दिया। मौके पर भाजयुमो प्रदेश महामंत्री मनीष दुबे, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री कमलेश मंडल, तरुण गुप्ता, अभय सिंह, मोहन शर्मा, प्रदीप राउत, प्रवीण मिश्रा, चंदन राउत, पिंटू गुप्ता, ओमप्रकाश यादव, दीपक सिन्हा, बनमाली मंडल समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीसी की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक छात्रावास निर्माण को लेकर बैठक

**जामताड़ा।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों के लिए नए छात्रावास निर्माण से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि जिले में कुल 09 अल्पसंख्यक छात्रावासों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, जिनमें नारायणपुर प्रखंड में 07 और करमाटांड़ प्रखंड में 02 छात्रावास बनाए जाने हैं। उन्होंने कहा कि कुछ प्रस्तावित स्थलों के लिए भूमि प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि शेष के लिए रिपोर्ट लंबित है। उपायुक्त ने अंचल अधिकारी नारायणपुर देवराज गुप्ता एवं अंचल अधिकारी करमाटांड़ को निर्देशित किया कि वे शीघ्र ही संबंधित मदरसों के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री, विस्तृत विवरणी एवं भूमि प्रतिवेदन जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि छात्रावास निर्माण की प्रक्रिया आरंभ की जा सके। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन और आवास सुविधा प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

## श्री श्याम जन्मोत्सव पर नगर में निकाला गया निशान यात्रा



**गोड्डा ।** देवउठनी एकादशी एवं बाबा श्याम के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित श्री श्याम मंदिर में भव्य पूजा अर्चना के साथ भजन संध्या का आयोजन किया गया। वहीं श्याम जी का अखंड ज्योत पाठ आसनसोल के अनूप चौखानी द्वारा किया गया। सुबह भव्य श्याम निशान यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बाबा की ज्योत के जजमान प्रितम गाडिया और श्वेता गाडिया रहे। कलकत्ता से आए फूलों से बाबा का मनमोहक श्रृंगार किया गया, जिससे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण व्याप्त हो गया। रात्रि में भजन संध्या एवं जागरण का आयोजन होगा, जिसमें राजस्थान से पधारे भजन प्रवाहक अपनी मधुर वाणी में भजन-कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। वहीं आयोजन समिति में अध्यक्ष अरुण टेकरीवाल, सचिव मुकेश गाडिया तथा संयोजक अंकित गाडिया, मुकेश अग्रवाल, जानु टेकरीवाल, सौरव परसुरामका और बिकास गाड़ोदिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ऊर्जानगर ईसीएल कॉलोनी का भवन जर्जर



**महागामा ।** राजमहल कोल माइंस के ऊर्जा नगर स्थित एनएचएस कॉलोनी में रह रहे ईसीएल कर्मियों के बीच इन दिनों भय और चिंता का माहौल है। कॉलोनी की इमारतें जर्जर हो चुकी हैं, सीढ़ियाँ टूट गई हैं, चौपाल की दीवारें दरक चुकी हैं और छत का प्लास्टर झड़ रहा है। हर दिन लोग डर के साये में रह रहे हैं कि कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए। कॉलोनी में रहने वाले कर्मियों ने बताया कि उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों और महाप्रबंधक प्रभारी को मौखिक व लिखित रूप से सूचना दी, लेकिन अब तक किसी ने संज्ञान नहीं लिया। न तो मरम्मत शुरू हुई है, न ही सुरक्षा को लेकर कोई कार्रवाई। स्थिति इतनी खराब है कि कई परिवारों ने सीढ़ियाँ इस्तेमाल करना बंद कर दिया है और बच्चे बाहर खेलने से डरते हैं। एक कर्मी ने कहा कि हम कोयला निकालकर कंपनी को ऊर्जा देते हैं, लेकिन हमारी ही कॉलोनी अंधेरे में डूबी है। हर दिन डर लगता है कि दीवार या सीढ़ी टूटकर किसी को घायल न कर दे। स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉलोनी की हालत दिन ब-दिन बदतर होती जा रही है। चौपाल की दीवारों में बड़ी दरारें आ चुकी हैं और बारिश के समय पानी टपकने से फर्श फिसलन भरा हो जाता है। अगर जल्द मरम्मत नहीं हुई तो कोई भी दुर्घटना कभी भी हो सकती है। कर्मियों ने ईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि जल्द से जल्द कॉलोनी की मरम्मत कराकर सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर विभाग ने कार्रवाई नहीं की तो कर्मी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## सड़क दुर्घटना में घायल हुए बच्चे की अस्पताल में मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस



**नाला (जामताड़ा)।** आसानजुड़ी के पास हुई सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार पति-पत्नी तथा बच्चा तीनों घायल हो गए। परिजनों के अनुसार बताया जाता है कि इलाज के दौरान बच्चे की मौत नाला अस्पताल में हो गई। बताया जाता है कि दयामय मंडल ,पत्नी रूपाली मंडल, पुत्र पिंटु(जीत) मंडल (उम्र डेढ़) साल तथा बच्ची पियू मंडल उम्र 6 वर्ष एक ही बाइक पर सवार होकर किष्टोपुर डाबर अपना ससुराल से सुलूंगा( कुंडहित) जा रहा था। इसी दौरान एक साइकिल सवार को बचाने के क्रम में मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया ।आनन- फानन में ग्रामीणों तथा पुलिस प्रशासन के द्वारा नाला अस्पताल में भर्ती कराया गया7 घायल दयामय मंडल( (30) तथा रूपाली मंडल (24)को बेहतर इलाज हेतु रेफर किया गया था जबकि घायल पिंटु मंडल(डेढ़) वर्ष का इलाज नाला अस्पताल में चल रहा था7 जानकारी के मुताबिक पिंटु मंडल का इलाज के दौरान नाला अस्पताल में मौत हो गई7 परिजनों का आरोप है कि बच्चे की मौत चिकित्सकों के लापरवाही के कारण हुई है7 वहीं चिकित्सक का कहना है कि बच्चा ब्रॉड डेट लाया गया था ,वहीं परिजनों तथा ग्रामीणों के द्वारा अस्पताल में उचित कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया गया। सिविल सर्जन डॉ आनंद मोहन सोरेन ने आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों को लापरवाही बरतने वाले चिकित्सक तथा स्वास्थ्य कर्मियों को निलंबन करनी की बात कही। साथ ही आपदा कमेटी की बैठक में निर्णय लेकर उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। इस दौरान पदाधिकारी की संयुक्त पहल पर मृतक के परिजन को तत्काल सहायता राशि भी प्रदान की गई।मौके पर अस्पताल में मौजूद पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्था कर्मी हुई है स्टाफ और शिक्षकों के लापरवाही के कारण बच्चों की जान चली गई उन्होंने शिथिलता बरतने वाले चिकित्सक तथा स्टाफ पर उचित कार्रवाई की मांग की।वहीं जिला अध्यक्ष सुमित शरण ने भी सूचना पाते ही रात 10:00 बजे अस्पताल में पहुंचे और वस्तु स्थिति से अवगत होकर वर्तमान चरमराई लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आए दिन पूरे प्रदेश में ईस प्रकार की घटनाएं घट रही है ।स्वास्थ्य विभाग के इस प्रकार लापरवाही के विरोध में जामताड़ा जिला में धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने शिथिलता व लापरवाही बरतने वाले चिकित्सक और कर्मी निलंबन करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर कुछ दिन में अगर निलंबन का लेटर नहीं निकलता है तो आए दिन उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर बीडीओ सह सीओ अकांक्षा कुमारी, सिविल सर्जन आनंद मोहन सोरेन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पूर्व कृषि मंत्री सत्यानंद झा,भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित शरण,नाला प्रभाग के पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार सिंह,नाला थाना प्रभारी राजीव रंजन कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ समीर कुमार मुर्मू, एसआई सरोज कुमार मंडल,एसआई बिरसू भगत,एएसआई संजय गहलोत,एएसआई चंदन सिंह, भाजपा युवा नेता रंजीत तिवारी,तापस भट्टाचार्य, छात्र नेता अनुप मंडल,राजद नेता अशोक माजी, सहित मृतक के परिजन एवं ग्रामीण मौजूद थे। मालूम हो कि आक्रोशित परिजन एवं ग्रामीणों के द्वारा तकरीबन 5 घंटा तक धरना तथा विरोध प्रदर्शन किया गया।

## विद्यापति सांस्कृतिक परिषद ने मनाया स्मृति पर्व



**गोड्डा ।** विद्यापति सांस्कृतिक परिषद द्वारा सोमवार शाम स्थानीय विद्यापति भवन में स्मृति पर्व के जन्म जयंती अवसर पर मैथिल कोकिल सहित दर्जनाधिक्य उपाधियों एवं विभूषण से विभूषित संत कवि विद्यापति जी को शब्द - श्रद्धांजलि दी गई। परमानंद चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित पर्व का संचालन सुरजीत झा ने किया। वक्ताओं में श्री चौधरी सहित डॉ. सत्येंद्र मिश्रा, माधव चंद्र चौधरी, दीना नाथ झा, परितोष पाठक, सर्वजीत झा, डॉ. वंशीधर मिश्रा, निश्छल ठाकुर, योगेश चंद्र झा, डॉ. श्यामाकांत झा, दिलीप झा एवं सौरभ परासर ने विद्यापति के जीवन वृत्त एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाज सेविका परिणीता झा, योगेश चंद्र झा, नवीन कुमार झा, महानंद झा, मृत्युंजय झा, प्रदीप कुमार झा, शोभा कांत ठाकुर, गौरव झा, ऋषितोष कुमार झा, दिनेश झा, राजेंद्र प्रसाद झा, ध्रुव कुमार द्विज, सुरेंद्र मिश्रा, रिम्मी कुमारी, माधुरी कुमारी सिंह, विनय कुमार चौधरी, विनय कुमार ठाकुर, शिशिर कुमार झा, नर्मदेश्वर झा, दया शंकर, चेतन वत्स, अमरेंद्र कुमार सिंह, विभाष चंद्र झा, दिवाकांत झा, अरविंद झा, उमेशा नंद मिश्र, अंबोद कुमार ठाकुर, मृगेंद्र कुमार झा, नंदन ठाकुर, अनुज परासर एवं प्रभु झा उपस्थित थे।

## अनुपस्थिति बीएलओ को स्पष्टीकरण करने का निर्देश



**संताल एक्सप्रेस /कुंडहित (जामताड़ा)।** सोमवार को प्रखंड सभागार में मतदाता सूची का विरोध गहण पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ एक बैठक सहायक प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी जमाले राजा के अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची के अद्यतन, शुद्धिकरण और सहीवार सत्यापन पर जोर दिया गया है। बैठक में सहायक निर्वाची निबंधन पदाधिकारी जमाले राजा ने उपस्थित बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को जानकारी देते हुए कहा यह एक महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य में लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई किया जाएगा ।

## प्रधानाध्यापक के विरोध में ग्रामीणों ने विद्यालय के मुख्य गेट पर जड़ा ताला



**मेहरमा ।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय छगराहा में सोमवार को छात्रों एवं ग्रामीणों ने विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा कि पूर्व प्रधानाध्यापक रवि रंजन भान पर कार्य के दौरान अनियमितता, कार्यशीलता में कमी तथा छवि धूमिल करने जैसे आरोप पहले से ही लगे हुए हैं। इन आरोपों के कारण उन्हें आठ माह डिपटेशन पर भेजा गया था। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि आठ माह बाद प्रधानाध्यापक के पुनः विद्यालय में योगदान की अनुमति से वे नाराज हैं। उनका आरोप है कि विधालय की कार्यशैली में अनियमितता व छवि धूमिल के आरोप शामिल हैं। इससे नाराज होकर छात्रों और ग्रामीणों ने विद्यालय में ताला जड़कर विरोध दर्ज कराया। सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार के निर्देश पर बीआरसी अहद समेत अन्य कर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया-बुझाया और उच्च अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी।

## पुतलीकला प्रशिक्षण हेतु गोड्डा के दो शिक्षक हैदराबाद रवाना

**महगामा (गोड्डा) ।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कला आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, हैदराबाद द्वारा आयोजित ÷शिक्षा में पुतलीकला की भूमिका÷ का प्रशिक्षण हेतु गोड्डा के दो शिक्षक रीतेश रंजन एवं सनातन कुमार दास का चयन किया गया है। ज्ञात हो कि रीतेश रंजन उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिल्हा एवं सनातन कुमार दास उत्क्रमित मध्य विद्यालय विश्वासखानी के सहायक शिक्षक हैं।प्रशिक्षण पंद्रह दिनों 6 से 20 नवंबर तक आयोजित है। यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सहभागिता और आनंदमय शिक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुतलीकला के माध्यम से शिक्षण को अधिक रोचक और बाल- केंद्रित बनाने का प्रयास राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप है। रीतेश रंजन ने बताया कि इस प्रशिक्षण से बच्चों को पढ़ाने में नई तकनीकों और रचनात्मक तरीकों को अपनाने में सहायता मिलेगी। विद्यालय परिवार और स्थानीय शिक्षकों ने उनके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की है तथा इसे विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

## अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में डीसी ने दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

संताल एक्सप्रेस



**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुपालन की स्थिति की क्रमवार समीक्षा की गई। बैठक में सदर अस्पताल के निबंधन एवं बिलिंग काउंटर को पुराने मेल वार्ड में स्थानांतरित करने, आयुष्मान भारत योजना के सफल संचालन हेतु कंप्यूटर सेट का अधिष्ठापन करने, सरकारी एंबुलेंस सेवा के दरों में वृद्धि करने, सदर अस्पताल गोड्डा में मेजर सर्जरी करने हेतू मरीजों के लिए एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन सेट क्रय करने, लेप्रोस्कोपिक सेट की उपलब्धता, हड्डी रोग सर्जरी हेतु आवश्यक उपकरण क्रय करने, प्रयोगशाला कक्ष में आवश्यक जांच सामग्री जैसे रिएजेंट केमिकल, किट इत्यादि का क्रय करने, सदर अस्पताल में मुफ्त मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु लेंस क्रय करने, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने हेतु अतिरिक्त मानव बल नियोजित करने, बाहर से आए एनेस्थीसिया मरीजों को ब्लड उपलब्ध कराने, सदर अस्पताल गोड्डा के ओ.पी.डी एवं सदर अस्पताल के बाहर सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण करने, भंडारगृह में दवा एवं अन्य सामग्री को सुसज्जित रखने, भंडारगृह के बाहर मरम्मति एव रंग रोगन कार्य पूर्ण कराने, कैजुवल्टी वार्ड में मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हो जाने के कारण मुख्य भवन में संचालित टीकाकरण कक्ष के स्थान पर कैजुवल्टी वार्ड का निर्माण कराने, अस्पताल परिसर के सामने एंबुलेंस को सुव्यवस्थित तरीके से तरीके रखने, डायलिसिस मशीन क्रय करने तथा अस्पताल में आए सभी मरिजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मौके पर सिविल सर्जन डॉ0एस सी शर्मा, जिला योजना पदाधिकारी फैजान सरवर, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ0 ताराकांत झा, हॉस्पिटल मैनेजर मोनाली राय सहित अन्य कर्मीगण मौजूद रहे।

## नामांकन पोर्टल खोलने की मांग को लेकर एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्य से की मुलाकात



**जामताड़ा।** सत्र 2025-29, सेमेस्टर-01 के नामांकन प्रक्रिया को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएँ और अभिभावकों ने कॉलेज प्राचार्य से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्य महोदय से नामांकन के लिए विश्वविद्यालय पोर्टल को पुनः खोलने की मांग रखी, ताकि वंचित छात्र-छात्राएँ भी नामांकन करा सकें। प्राचार्य ने एबीवीपी प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि छात्रों के हित में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस विषय पर नामांकन समिति के साथ चर्चा कर उचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि छात्रों की मांग पर सकारात्मक विचार किया जाएगा। बैठक के दौरान एबीवीपी नेताओं ने कहा कि तकनीकी कारणों से कई छात्रों का नामांकन नहीं हो पाया है, इसलिए पोर्टल को दोबारा खोला जाना आवश्यक है। इस मौके पर जिला सह-संयोजक संजय मंडल, नगर मंत्री प्रकाश यादव, कार्यकर्ता आकाश साहू, छात्राएँ सुष्मिता, यशोदा शरण, परवीन तथा छात्र मुकुंद, सौरभ, अख्तर, नरेश और मनवाड़ी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि जल्द ही समाधान नहीं हुआ, तो छात्र हित में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक



**कुंडहित ।** सोमवार को बीडीओ कार्यालय में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक बीडीओ जमाले राजा के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में बीईईओ मिलन कुमार घोष, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार विधायक प्रतिनिधि शरम मंडल, पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल आदि उपस्थित थे। बैठक में अस्पताल को सुचारू तरीके से संचालन के लिए उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार प्रकट किया । साथ ही आम लोगों को कैसे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके इस पर मंथन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 बेड वाला कुपोषण उपचार केंद्र खोलने का प्रस्ताव तथा उसमें मरीज के लिए क्या सुविधा होना चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखा डिजिटल एक्सरे मशीन संचालन शुरू किया जाएगा। एक्स-रे मशीन में टीवी मरीजों के लिए निशुल्क उपलब्ध है, जबकि अन्य कार्य के लिए निर्धारित शुल्क रखा जाएगा उसे शुल्क के राशि से उसी कार्य पर खर्च किया जाएगा।

## एलसीडीसी कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण आयोजित



**नाला (जामताड़ा)।** सिविल सर्जन सह सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति जामताड़ा तथा जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी जामताड़ा के निर्देशानुसार 10 नवंबर से 26 नवंबर तक चलने वाले एलसीडीसी (लेप्रोसी केस डिटेक्शन कैंपेन) कार्यक्रम की तैयारी को लेकर नाला बीआरसी में सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. समीर कुमार मुर्मू ने की। प्रशिक्षण सत्र में नोडल चिकित्सक डॉ. रामकृष्ण बाबू, एमपीडब्ल्यू प्रदीप टुडू और एमपीडब्ल्यू शांतिमय मंडल प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कुष्ठ रोग की दवा (एमडीटी) सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर बीपीओ नित्यानंद गोराई, शिक्षक सुधीर कुमार, गोपा खां, तापस कुमार दास, उत्तम कुमार लायेक, रिजिया खातुन, दिलीप रविदास, राजु बाउरी, गौरव दे, रामकृष्ण हांसदा, अर्जुन कुमार गोराई, प्रवीर कुमार मंडल, मनोज कुमार सिंह, रत्नेश्वर पोद्दार, सिखा राम पाल, दिलीप राय, प्रियरंजन, अपर्णा सिंह, सुकांत रजक, प्रतिभा कुमारी, पिंटु डोकानिया, शांतिमय मान्ना, ध्रीतेश्वर मुर्मू सहित कई शिक्षक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## शिवलिंग की स्थापना को लेकर निकाली गई कलश शोभायात्रा



**ठाकुरगंगटी ।** प्रखंड मुख्यालय चौक के निकट स्थित पदेश्वरनाथ महादेव मंदिर में नए शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा को ले सोमवार को सभी धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। ठाकुरगंगटी के धरतीपुत्र तथा कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा के राज्यपाल रहे और केंद्र सरकार में वित्त राज्य ग्रामीण विकास राज्य मंत्री रहे रामेश्वर ठाकुर के पैतृक निवास से ढोल बाजे बाजे घोड़ा कलश यात्री पंडित पुरोहित यजमान ठाकुर परिवार के सदस्यों और सैकड़ो श्रद्धालुओं के साथ निकाली गई कलश शोभा यात्रा। शोभा यात्रा के दौरान भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग को ठेले पर रखकर कलश यात्रा के साथ घुमाया गया। पूर्व राज्यपाल रामेश्वर ठाकुर के पैत्रिक निवास से कलश शोभायात्रा प्रारंभ हुई।

## 52 साल के इंतजार का अंत, भारत की बेटियाँ बनीं विश्व कप की विजेता

नवी मुंबई की वो शाम अब हमेशा याद रखी जाएगी। 2 नवंबर 2025 वो तारीख जब भारत की महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्वकप का ताज अपने सिर पर सजाया। यह जीत केवल एक खेल का परिणाम नहीं थी, बल्कि 52 साल के लंबे इंतजार का अंत थी। यह जीत उस विश्वास की कहानी है, जिसे भारत की बेटियों ने अपने परिश्रम, साहस और हौसले से सच कर दिखाया। डी. वाई. पाटिल स्टेडियम में खेला गया यह फाइनल मैच पूरे देश की धड़कनों से जुड़ा था। टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने से स्टेडियम में हल्की चिंता थी, लेकिन तभी शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा ने मोर्चा संभाल लिया। शेफाली की बल्लेबाज़ी में आत्मविश्वास झलक रहा था। उन्होंने 87 रन बनाकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दीप्ति शर्मा ने 58 रनों की समझदारी भरी पारी खेली और बाद में गेंदबाजी में भी अपना जलवा दिखाया। भारत ने निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 298 रन बनाए। लक्ष्य छोटा नहीं था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की टीम के इरादे भी बड़े थे। उनकी ओपनर लॉरा वोल्वार्ट ने शानदार अर्धशतक लगाया और कुछ देर के लिए भारतीय समर्थक खामोश हो गए। लेकिन रेणुका सिंह और पूनम यादव ने मिलकर खेल की दिशा बदल दी। दीप्ति शर्मा ने गेंदबाजी में कमाल करते हुए 5 विकेट चटकाए और साउथ अफ्रीका को 246 रनों पर रोक दिया। जैसे ही आखिरी विकेट गिरा, पूरा स्टेडियम तिरंगे के रंग में डूब गया। भारतीय टीम 52 रनों से जीत गई और यही 52 साल का प्रतीक बन गया, उस लंबे इंतजार का जो आखिरकार आज समाप्त हुआ। मैदान पर जो हुआ, वह सिर्फ एक खेल की जीत नहीं थी। वह इतिहास की दिशा बदलने वाला क्षण था। जब हरमनप्रीत कौर ने ट्रॉफी उठाई, तो उनके आंसू सिर्फ खुशी के नहीं थे, वो उन सालों का बोझ थे, जब भारतीय महिला क्रिकेट को नजरअंदाज किया गया, जब उन्हें अभ्यास के लिए मैदान नहीं मिलते थे, जब सुविधाएं सीमित थीं और सवाल बहुत। आज उन सवालों का जवाब तिरंगे के रूप में आसमान में लहराया। यह जीत उन तमाम दिग्गज खिलाड़ियों की भी है जिन्होंने दशकों तक इस सपने के लिए मेहनत की। डायना एडुल्जी, मिताली राज, झूलन गोस्वामी, अंजुम चोपड़ा जैसी खिलाड़ियों ने जो बीज बोया, वह आज फल बनकर सामने आया। उनके संघर्ष ने आने वाली पीढ़ियों को राह दिखाई। अब वही राह और चौड़ी हो चुकी है। इस जीत के बाद देशभर में जश्न का माहौल है। सड़कों पर जुलूस निकले, गलियों में पटाखे फूटे और सोशल मीडिया पर बेटियों के नाम की गूंज सुनाई दी। लोग इसे 1983 की पुरुष टीम की ऐतिहासिक जीत से जोड़कर देख रहे हैं। तब कपिल देव की टीम ने भारत में क्रिकेट का सपना जगाया था, अब हरमनप्रीत की टीम ने उसे नई ऊंचाई दी है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों के लिए रिकॉर्ड इनाम की घोषणा की। करने की घोषणा की है। देश के प्रधानमंत्री ने इस जीत को भारत की बेटियों की शक्ति बताया और कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह प्रेरणा का स्रोत बनेगी। यह जीत केवल ट्रॉफी की नहीं है, यह समाज की सोच में बदलाव की जीत है। अब कोई यह नहीं कह सकेगा कि लड़कियाँ क्रिकेट नहीं खेल सकतीं। अब माता-पिता अपनी बेटियों में शेफाली की चमक, दीप्ति का धैर्य, हरमन की नेतृत्व क्षमता और स्मृति मंधाना का आत्मविश्वास देखेंगे। स्कूलों और छोटे शहरों में खेल की सुविधाएँ बढ़ेंगी, और क्रिकेट सिर्फ पुरुषों का नहीं, सबका खेल बनेगा। 52 साल का इंतजार, संघर्षों से भरी आधी सदी, और आखिर में यह सुनहरा सवेरा। भारत की बेटियों ने दिखा दिया कि सपने तब पूरे होते हैं जब हार मानने की गुंजाइश न छोड़ी जाए। आज जब कोई बच्ची बल्ला उठाती है, तो उसके साथ पूरे देश की उम्मीद उठती है। जब कोई पिता बेटी को मैदान तक छोड़ता है, तो उसके दिल में गर्व की लहर दौड़ती है। यह जीत आने वाले समय के लिए वह मशाल है जो हर गली, हर स्कूल, हर परिवार तक पहुंचेगी। अब भारत का नाम महिला क्रिकेट की विश्व विजेता सूची में दर्ज हो गया है और यह दर्जा केवल खेल का नहीं, बल्कि एक विचार का भी है कि अवसर मिले तो भारतीय बेटियाँ किसी भी ऊंचाई को छू सकती हैं। उन्होंने इतिहास लिखा, और आने वाली पीढ़ियों को यह भरोसा दिया कि अगर हिम्मत हो, तो 52 साल का इंतजार भी एक दिन खत्म होता है। आज यह जीत सिर्फ़ मैदान की नहीं, हर उस बेटी के सपने की जीत है जिसने कभी कहा था मैं भी खेलूँगी, और जीतूँगी।

## बिहार की रक्तरंजित राजनीति व जातीय समीकरणों का नया गणित



विनोद कुमार सिंह )

बिहार विधानसभा चुनाव 25 के प्रथम चरण से पहले ही मोकामा में हुई जन सुराज समर्थक नेता दुलार चंद यादव की हत्या ने राज्य की राजनीति में सनसनी मचा दी है।

यह घटना न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों पर गहरी चोट है, बल्कि यह बिहार की उस पुरानी सियासी संस्कृति को भी उजागर करती है, जहाँ बाहुबल, जाति और सत्ता का संगम अक्सर खून-खराबे का सबब बनता है। हत्या से उपजा सियासी तूफ़ान मोकामा विधानसभा क्षेत्र में जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता दुलार चंद यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनके समर्थकों ने आरोप लगाया कि जदयू प्रत्याशी और बाहुबली नेता अनंत सिंह के समर्थकों ने पहले लाठी-डंडों से हमला किया और फिर यादव को कार से कुचल दिया।वहीं अनंत सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि जन सुराज समर्थकों ने उनके काफिले पर पथराव किया, जिसमें उनके कई समर्थक घायल हुए और अफरातफरी में किसी ने गोली चला दी। इस घटना ने मोकामा की राजनीति को आग में झोंक दिया है। तेजस्वी यादव,पप्पू यादव और कई अन्य विपक्षी नेताओं ने प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाए हैं।

पप्पू यादव ने कहा,÷हर बड़ी घटना में अनंत सिंह का नाम क्यों आता है? ÷यह बयान अपने आप में बहुत कुछ कह जाता है। दुलारचंद यादव कभी लालू प्रसाद यादव के बेहद करीबी माने जाते थे। टाल क्षेत्र में उनका वर्चस्व रहा और वे 1990 के दशक में मोकामा से चुनाव भी लड़ चुके थे। उनका नाम राजनीति के साथ-साथ अपराध की दुनिया से भी जुड़ा रहा। हाल के वर्षों में वे जनसुराज पार्टी के प्रत्याशी पीयूष प्रियदर्शी उर्फ लल्लू मुखिया के समर्थक बने और खुलेआम अनंत सिंह के खिलाफ बयान देने लगे।यही विरोध अबउनके जीवन का अंत साबित हुआ। बिहार विधान सभा चुनाव में मोकामा ÷ -सर्व विदित रहे कि बिहार में बाहुबल और राजनीति की प्रयोगशाला पटना से लगभग 85 किलोमीटर दूर स्थित मोकामा है। यहाँ की विधानसभा क्षेत्र बिहार की राजनीति का प्रतीक-क्षेत्र बन चुका है।

यहाँ जाति, बाहुबल और जनाधार का अनोखा समीकरण है। 1951 में गठित यह विधानसभा क्षेत्र मुंगेर लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है। यहाँ का इतिहास बताता है कि 1990 के दशक से बाहुबली नेताओं का बोलबाला रहा है। पहले बड़े सरकार दिलीप सिंह, फिर छोटे सरकारअनंत सिंह। अनंत सिंह ने 2005 से 2020 तक पाँच बार इस सीट पर विजय हासिल की-चाहे वे जदयू,राजद या निर्दलीय उम्मीदवार रहे हों।

2020 में जेल से चुनाव जीतने के बाद भी उनका प्रभाव अडिग रहा,और 2022 में पत्नी नीलम देवी को उपचुनाव में विजेता बनाकर उन्होंने अपना किला बचाए रखा। विधानसभा चुनाव जीत की कुंजी मोकामा की सामाजिक संरचना बिहार की सियासत का सूक्ष्म प्रतिबिंब है। भूमिहार समुदाय यहाँ निर्णायक भूमिका में है,परंतु यादव,कुर्मी,धानुक,पासवान और अति पिछड़ी जातियाँ भी परिणाम तय करती हैं।

दुलारचंद यादव की हत्या से यादव और ओबीसी वर्ग में गुस्सा देखा जा रहा है,जो जनसुराज और राजद के पक्ष में लामबंदी की भूमिका निभा सकता है वहीं, भूमिहार मतदाता परंपरागत रूप से अनंत सिंह के साथ रहे हैं,लेकिन इस घटना ने उनके बीच भी असहजता पैदा की है।यदि यह असंतोष जदयू के कोर वोट बैंक में सेंध लगाता है,तो मोकामा का अभेद्य किला दरक सकता है।इसका राजनीतिक प्रभाव और संभावित परिणाम -1.जनसुराज पार्टी के लिए सहानुभूति लहर-हत्या ने पीयूष प्रियदर्शी के लिए सहानुभूति की ज़मीन तैयार कर दी है।

2.अनंत सिंह की छवि पर आघात - बाहुबली की पहचान अब उनके लिए शक्ति नहीं,बोझ बन सकती है।

3.राजद और कांग्रेस के लिए अवसर -यादव और अति पिछड़े मतदाताओं के एकजुट होने से महागठबंधन को अप्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है।

4.एनडीए की रणनीति पर दबाव – जदयू और बीजेपी के लिए यह सीट अब ÷सम्मानजनक हार÷ से बचाने की चुनौती बन गई है।

बिहार विधान सभा चुनाव की यह रक्तरंजित राजनीति राजनीतिज्ञ पंडितो का मानना है कि यह घटना भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरें की घंटी है।बिहार के इस विधान सभा चुनाव ने एक बार फिर साबित कर रहा है कि यहाँ लोकतंत्र अब भी जातीय निष्ठा और हथियारों के साए में साँस लेता है। दुलारचंद यादव की हत्या सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि उस लोकतांत्रिक चेतना की हत्या है जो बिहार को बदलाव की राह पर ले जाने की कोशिश कर रही थी।मोकामा का

ऐतिहासिक गौरव और आज का विरोधाभास-1908 में यहीं मोकामा घाट स्टेशन पर क्रांतिकारी प्रफुल्ल चाकी ने ब्रिटिश मजिस्ट्रेट किंग्सफोर्ड की हत्या के प्रयास के बाद आत्मबलिदान दिया था।आज वही भूमि राजनीतिक हिंसा और बाहुबलीकरण का प्रतीक बन चुकी है-यह बिहार की विडंबना है कि जहाँ कभी क्रांति के लिए गोली चली थी,अब सत्ता के लिए चलती है। दुलारचंद यादव हत्याकांड ने बिहार के पहले चरण के चुनाव को एक भावनात्मक मोड़ दे दिया है। यदि यह मामलाजनमानस में अनंत सिंह के खिलाफ लहर बनाता है,तो यह मोकामा ही नहीं,आस-पास की सीटों पर भी असर डाल सकता है। दूसरी ओर,यदि एनडीए इसे राजनीतिक षड्यंत्र के रूप में पेश कर पाने में सफल रहा,तो परिणाम अप्रत्याशित हो सकते हैं। लेकिन इतना तय है

कि मोकामा की यह रक्तरंजित घटना 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को जातीय और नैतिक दोनों ही दृष्टियों से निर्णायक मोड़ पर पहुँचा चुकी है।

मूल प्रश्न यह नहीं कि किसने गोली चलाई बल्कि यह कि बिहार में लोकतंत्र कब तक बंदूक की नली से निकलेगा।जो आगामी वर्ष होने वाले पश्चिमी बंगाल,उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों में होने विधान सभा चुनावों व भारतीय राजनीति में जाति, धर्म, क्षेत्रवाद लिंग भेद भाव के पड़नें वाले प्रभाव भारत की राजनीति के लिए खतरें की घंटी है।

## चुनावी विश्लेषण : बिहार चुनाव सत्ता का महासंग्राम

शंकर दयाल मिश्रा

बिहार विधानसभा चुनाव-2025 का महासंग्राम जारी है। 6 और 11 नवंबर को मतदाता नेताओं का भाग्य ईवीएम में कैद करेंगे। और 14 नवंबर को यह पता चल जाएगा कि बिहार की सत्ता कौन संभालेगा। सर्व विदित है कि बिहार की राजनीति और समाज दोनों ही जाति आधारित है। ऐसे में टिकट वितरण से लेकर सीएम चेहरे के निर्धारण तक जातियों का खासा प्रभाव दिखता है। 2022 की जाति आधारित गणना के अनुसार बिहार में पिछड़ों और अति पिछड़ों को मिलाकर कुल ओबीसी आबादी 63 फीसदी है। इस लिहाज से इस जाति समूह का दावा सीएम की कुर्सी पर भी काफी मजबूत है। वैसे भी कोई भी गठबंधन चुनाव में जीत दर्ज करे, सीएम फेस एक ओबीसी ही होगा। यह पहले से ही तय है। इसकी वजह यह है कि महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को सीएम फेस घोषित कर दिया है, जबकि एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में भरोसा जताया है। इस लिहाज से दोनों ही सीएम प्रत्याशी पिछड़ा वर्ग से आते हैं। दरअसल, बीते कुछ दशकों से बिहार की आधी आबादी पुरुष मतदाताओं के मुकाबले सर्वाधिक मतदान कर रही हैं। सत्ता की कुर्सी का रास्ता महिलाओं के बीच से ही गुजरता है।

हालिया, कुछ चुनावी सर्वेक्षण भी इस बात की पुष्टि करते हैं। बिहार चुनाव में महिलाएं सियासत की बदलती गतिशीलता की नई तस्वीर पेश करेंगी। यह भी किसी से नहीं छिपा है कि चुनाव में पुरुषों के मुकाबले महिला ज्यादा मतदान में हिस्सा लेती हैं, जिनमें बिहार सबसे आगे है। राज्य में चुनाव कोई भी हो। सभी में महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत अव्वल ही रहा है। इस विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी है। छह नवंबर को राज्य में होने वाले मतदान में अधिकांश बूथों पर आधी आबादी भी पुरुष मतदान कर्मियों के कंधे में कंधा मिलाकर मतदान कराती नजर आएंगी। प्रशासनिक स्तर पर चिन्हित किए गए चुनिंदा केंद्रों पर महिला कर्मी को पी टू व पी थ्री के रूप में कमान सौंपी गई है। इसके अलावा, पर्दानशीं महिला मतदाताओं की पहचान के लिए भी महिला कर्मियों को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही महिलाओं के लिए चिन्हित किए गए हर विधानसभा सीट के लिए बूथ पर सिर्फ महिला कर्मियों की तैनाती की जाएगी। बिहार में मतदाताओं के अलावा उम्मीदवार के तौर भी दर्जनों महिलाएं इस बार भी मैदान में ताल ठोक रही हैं। 11 विधानसभाओं में 10 पुरुष वोटरों की तुलना में 9 महिला वोटर हैं। अंत में बात है कि राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र की। जिसमें सब अपने-अपने दावे और वादे करते हैं। बिहार में महागठबंधन का सीएम चेहरा बने तेजस्वी यादव ने सबसे पहले अपना घोषणा पत्र जारी किया। जिसमें उन्होंने कई दावे और वादे भी किए। हालांकि कुछ वादे ऐसे भी हैं कि वह चाहकर भी पूरा नहीं कर सकते। हालांकि युवा पक्ष का रुझान महागठबंधन की तरफ ज्यादा दिख रहा है। लेकिन महिला वर्ग की दूरी दिख रही है। वहीं एनडीए के संकल्प पत्र पर नजर डालें तो दावे कम और विकास की बातें ज्यादा हैं। जिसमें खासकर आधी आबादी यानी महिलाओं को प्रमुखता दी गई है। एनडीए के जारी संकल्प पत्र में पार्टी ने दावा किया है कि सरकार बनने पर एक करोड़ से अधिक सरकारी नौकरी व रोजगार दिया जाएगा। हर जिले में मेगा स्किल सेंटर खोला जाएगा। हर जिले में फैक्ट्री व 10 नए औद्योगिक पार्क का निर्माण किया जाएगा। 50,000 से अधिक कुटीर उद्योग स्थापित किए जाएंगे। महिला रोजगार योजना से महिलाओं को 2 लाख तक की सहायता राशि दी जाएगी। 1 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनेंगी। 'मिशन करोड़पति' के माध्यम से महिला उद्यमी करोड़पति बनेंगी। किसान सम्मान निधि 6,000 से बढ़ाकर 9,000 रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। मत्स्य पालकों को 4,500 से बढ़ाकर 9,000 रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी दी जाएगी। हर अनुमंडल में एससी व एसटी के विद्यार्थियों के लिए आवासीय विद्यालय बनाया जाएगा। गरीब परिवारों के छात्रों को नर्सरी से पीजी तक मुफ्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। 50 लाख नए पक्के मकान, मुफ्त राशन, 125 यूनिट मुफ्त बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना जारी रहेगा। माता जानकी की जन्मस्थली को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक नगरी के रूप में विकसित किया जाएगा। इसे धार्मिक नगरी सीतापुरम के रूप में विकसित करेंगे। अगले पांच साल में बिहार को बाढ़ मुक्त बनाया जाएगा।

ये ऐसे वादे हैं जो सीधे जनता से जुड़े हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में कुल मिलाकर महिलाएं निर्णायक भूमिका में होंगी, ये बात महागठबंधन तेजस्वी यादव और नीतीश से लेकर प्रधानमंत्री भी जानते हैं। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा में भाजपा ने राज्य में 74 विधानसभा सीटें जीती थी। जबकि, जेडीयू मात्र 43 पर सिमट गई थी, लेकिन इस बार की स्थिति पहले से भिन्न हैं। दोनों दल 101-101 सीटों पर लड़ रहे हैं।

पाकुड़ की खबरें

## चापाकल को बंद कर दीवार बनाने को लेकर थाना में की लिखित शिकायत

महेशपुर (पाकुड़ )थाना क्षेत्र के हरिशपुर गांव निवासी बहादुर मियां ने अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी रवि शर्मा को लिखित आवेदन दिया है, जिसमें उन्होंने सरकारी चापाकल को खोलकर अपने घर के दीवार बना देने का आरोप लगाया है। बहादुर मियां ने अपने आवेदन में बताया है कि उनके घर के सामने एक सरकारी चापाकल था, जिससे गांव के लोग पानी लेते थे। करीब 3 माह पहले अबू बॉक्स मियां ने इस चापाकल को खोलकर अपने पास रख लिया और सरकारी जमीन पर दीवार बना दिया। जब गांव के लोगों ने इसका विरोध किया, तो अबू बॉक्स मियां ने गाली-गलौज और मारपीट की धमकी दी।इस मामले को लेकर गांव के सरदार के पास भी गया, लेकिन अबू बॉक्स मियां विचार के लिए नहीं आए। अब गांव में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। बहादुर मियां ने अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी से इस मामले में कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## एसडीपीओ ने थाना प्रभारिओं के साथ की समीक्षा बैठक



संताल एक्सप्रेस संवाददाता महेशपुर (पाकुड़ ) एसडीपीओ विजय कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में सोमवार को थाना प्रभारीओ के साथ मासिक बैठक किया ।इस बैठक में थाना में पेंडिंग मामले, जमीन विवाद समेत अन्य मामले पर चर्चा की गई।एसडीपीओ ने थाना प्रभारीओ को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में धान कटाई के समय विशेष ध्यान दें। उन्होंने फिरारियों की सूची तैयार कर सत्यापन करने, वारंटियों की गिरफ्तारी करने और नियमित रूप से दिवा, संध्या और रात्रि गश्ती करने का निर्देश दिया।एसडीपीओ ने कहा कि थाना प्रभारीओ को अपने क्षेत्र में अपराध को नियंत्रित करने और लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। उन्होंने थाना प्रभारीओ को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र में नियमित रूप से गश्ती करें और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करें।इस मौके पर महेशपुर थाना प्रभारी रवि शर्मा,पाकुड़िया थाना प्रभारी मनोज महतो,रद्दीपुर ओपी प्रभारी विवेक कुमार ,महेशपुर पुलिस निरीक्षक प्रयाग दास मौजूद थे।


पूर्व रेलवे

**ठिका़ खोब़ोर सं.: ईएल-27-25, मा़हित 30.10.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नामडाक ठिका़दारको ठेन चा़लू बिद्युत ठिका़दार रेयाक़ लाइसेंस मेनाक़आ आर लातार रे ओ़लाकान का़मी पुरा़उ रे का़उडी ते दाड़े मेनाक़कोआ, ठेन खो़न ई-ठिका़ नेवतायेत़ कानाः **का़मी रेयाक़ ञुतुम आर नोआ रेयाक़ जायगाः** आसनसोल मंडलः धूल रोधी, एनकान माछा मोरामुतीय, पैनल रूम रे एसी, पैनल रूम रे एहो़प़ आकात़ जुदा़-जुदा़ सापापुको रेयाक़ उमा़र बाड़हाव ला़गित़ एमान तेयाक़ सुरक्षा रेयाक़ ला़कतीको, पैनल रूम रे जुयदाक़ सुबिताय जेमो़न कर्मचारीको ला़गित़ का़मी जायगा रे दोहो़ दाड़ेयाक़। **ठिका़ रेयाक़ पूंजीः** रु. 68,02,040.74, **बायना पायसाः** रु. 1,36,100/-, **ठिका़ कागो़च रेयाक़ गो़नो़मः** शून्य। **का़मी पुरा़उ रेयाक़ सो़मो़यः** 09 चान्दो। **बों़दो़क़ आर झिजुक़ रेयाक़ ता़रीक आर सो़मो़यः** मा़हित 25.11.2025 हिलोक़ 11.00 बजे। पुरा़उ बानाडाय दो़ रेलवे रेयाक़ वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक़आ।

ASN-224/2025-26

ठिका़ खो़बो़र दो़ वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबो़सता आकान

नों़डे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**सं. ओ/एसी/टी/111/25-26 (खुला़), मा़हित 30.10.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओ़लाकान का़मी ला़गित़-ठिका़को (खुला़) नेवतायेत़ कानाः **केस सं. ओ-एसी-टी-111-25-26, का़मी रेयाक़ ञुतुमः** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल तारी रे एईएन/2/आसनसोल रेयाक़ का़मीटोठा रे पीक्यूआरएस मशीन बेवहार तुलुच़ सीटीआर (पी)/टीएसआर(पी) का़मी ला़गित़ खुला़ ठिका़। **ठिका़ रेयाक़ पूंजीः** रु. 2,99,60,491/-, **बायना पायसाः** रु. 2,99,800/-, **का़मी पुरा़उ रेयाक़ सो़मो़यः** 12 चान्दो। **बों़दो़क़ रेयाक़ ता़रीक आर सो़मो़यः** मा़हित 26.11.2025 हिलोक़ 12.00 बजे। पुरा़उ बानाडाय दो़ रेलवे रेयाक़ वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक़आ

ASN-223/2025-26

ठिका़ खो़बो़र दो़ वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों

नों़डे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## संक्रमित खून चढ़ाने के विरोध में भाजपा ने दिया धरना, दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। चाईबासा सदर अस्पताल में थैलीसीमिया पीड़ित गरीब आदिवासी बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने के दोषी पदाधिकारियों सहित राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांग को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ताओं ने सिविल सर्जन कार्यालय, सोनाजोड़ी के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया एवं महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम का ज्ञापन सिविल सर्जन, पाकुड़ को सौंपा।जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने बताया कि झारखंड राज्य की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।




डॉक्टर्स,दवाई, बेड, एम्बुलेंस के अभाव से त्रस्त गरीब जनता को अब सरकारी अस्पतालों में मौत परोसे जा रहे।विगत दिनों चाईबासा सदर अस्पताल में थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए गए। स्वास्थ मंत्री के इशारे पर विभाग में मनमाने टेंडर और आउटसोर्सिंग का खेल धड़ल्ले से चल रहा है।

प्रतिबंधित नशीले कफ सिरप धड़ल्ले से बिक रहे हैं। आयुष्मान योजना में बड़े अस्पतालों को फायदा पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने नियमों में संशोधन तक कर दिए। झारखंड राज्य में बिना लाइसेंस के ब्लड बैंको की भरमार है ।प्रदेश भारतीय जनता पार्टी राज्य के स्वास्थ्य विभाग की भयावह स्थिति से चिंतित है। भाजपा महामहिम से अनुरोध करती है कि राज्य को ऐसी भयावह स्थिति से निजात दिलाने केलिए भ्रष्ट,निकम्मी राज्य सरकार को आवश्यक

सख्त निर्देश दिए जाएं। संक्रमित खून चढ़ाने में दोषी सभी व्यक्तियों को जेल भेजा जाए। स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त किया जाए। मौके पर जिला महामंत्री रूपेश भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी,असित साहा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक साह, हिरणपुर मंडल अध्यक्ष सुकुमार मंडल, मितंजय मंडल, नगर मंत्री प्राची चौधरी, रामचंद्र साहा ,राहुल साहा, इंद्रजीत कर्मकार, बोड़ो मुर्मू,धीरू साहा ,गौरव साहा ,पंकज साह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संताल एक्सप्रेस संवाददातालिट्टीपाड़ा (पाकुड़)सोमवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में जस्टिस ऑन व्हील के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मरांग बीटी बेसरा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार, उप प्रमुख आबेदा बीवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रसाद हांसदा और सभी पंचायतों के मुखिया तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही।कार्यक्रम में पाकुड़ स्थाई लोक अदालत के चेयरमैन अशोक कुमार शुक्ला एवं पी एल ए सदस्य राजीव कुमार झा ने लोगों को कानूनी अधिकारों, न्यायिक सेवाओं की पहुंच तथा निःशुल्क विधिक सहायता के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिए आवश्यक है कि हर नागरिक कानून के प्रति सजग और जागरूक बने उन्होंने ने इस बात पर जोर दिया कि कानून की जानकारी हर नागरिक के लिए अनिवार्य है, क्योंकि जागरूकता ही अपराध पर नियंत्रण का सबसे प्रभावी उपाय है।उन्होने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य था ग्रामीण क्षेत्रों में न्यायिक व्यवस्था की पहुंच को मजबूत करना एवं न्याय सबके द्वार की परिकल्पना को साकार रूप देना है। मौके पर उपस्थित के सी दास लिट्टीपाड़ा मुखिया शिव टुडू, रस्काहांसदा, जोसेफ मालतो समेत सभी पंचायत की कर्मी उपस्थित थे।

## रेक्यू टीम के सदस्य को कोबरा ने डसा

पाकुड़। एक छोटी सी चूक से आपकी जान खतरे में पड़ सकती है। ऐसा ही कोई वाक्या हुआ है पाकुड़ में ! दरअसल रॉयल रेजिडेंसी होटल के पीछे स्थित एक बंद पड़े कुएँ से रविवार को स्पेक्टल्ड कोबरा (कोबरा सांप) का रेस्क्यू अली जिब्रान और साहिब मारंडी के नेतृत्व में क्या जा रहा था । रेस्क्यू के दौरान सांप को बैग में डालते समय छोटी सी चूक हो गई । सांप ने मौके का फायदा उठाते हुए टीम के सदस्य साहिब मरांडी को हाथ की अंगूली को डस लिया। फिर वहां हयताब्री मच गई। घटना के तुरंत बाद साथियों ने उन्हें सदर अस्पताल पहुँचाया और चिकित्सकों को इसकी पूरी जानकारी दी। यह तो गनीमत रही की अस्पताल में दवा उपलब्ध थी । डॉक्टरों की टीम ने तत्काल उपचार ।शुरू किया। साहब मरांडी को 10 एंटी-वेनम इंजेक्शन लगाए गए। फिलहाल मरांडी खतरे से बाहर हैं। फिर भी 24 घंटे सतर्क रहना होगा। अशरफुल शेख,अली जिब्रान और उनकी टीम ने अब तक दर्जनों जहरीले सांपों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लोगों की जान बचाई है। संताल का समाज के सभी वर्गों के लोगों अपील है कि सांप, कुत्ता ,बिल्ली या अन्य किसी भी जानवर से बिल्कुल सतर्क रहें। उसके साथ छेड़छाड़ ना करें। पीछे से सांप के मुंह को पकड़ने के प्रयास तो कतापी ना करें। नहीं तो आपकी जान जोखिम में पड़ सकती है। सतर्क रहें सुरक्षित रहें।

## रन फॉर यूनिटी दौड़ का हुआ आयोजन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़ । महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष साबरी पाल के नेतृत्व में भारत के प्रथम गृहमंत्री व भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन रेलवे फाटक (पूर्वी) से स्वामी विवेकानंद चौक तक किया गया। एकता दौड़ में पांचवीं से दसवीं कक्षा के बच्चों ने भाग लिया। प्रथम स्थान आयुष आनंद, द्वितीय स्थान कल्याणी सरकार और तृतीय स्थान बिट्टू कुमार को प्राप्त हुआ। उन्हें भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता आलोक मंडल ने ट्रॉफी देकर एवं सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक हैं। सरदार पटेल ने अदम्य साहस और कुशल कूटनीति से पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोया था।उनके योगदान और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को जन-जन तक पहुंचाना हर कार्यकर्ता का दायित्व है।गुजरात में बनी 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' आज विश्व में भारत की एकता की प्रतीक बन चुकी है। मौके पर जिला महामंत्री रूपेश भगत युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक शाह आदि उपस्थित थे।

## सम्मेलन सफल आयोजन हेतु भाजपा का संपर्क अभियान प्रारंभ



पाकुड़ । आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत पाकुड़ संभावित विधानसभा का सम्मेलन अपर्णा मार्केट स्थित कांप्लेक्स,हाटपाड़ा,पाकुड़ में होना है। इस संदर्भ में लगातार भाजपा का संपर्क अभियान जारी है। इस क्रम में नवीनगर मंडल में भाजपा के वरिष्ठ नेता हिसाबी राय तथा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सादेकुल आलम ने झिकरहाटी,कदमसार देवतल्ला,कांकरबोना,बाहिरग्राम में कार्यकर्ताओं से संपर्क कर विधानसभा सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया। सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष भाजपा के प्रदेश मंत्री नेताद्वय दिलीप कुमार वर्मा एवं दुर्गा मरांडी मौजूद रहेंगे। भाजपा नेता राय ने बताया कि सम्मेलन में आत्मनिर्भर भारत संकल्प को जन-जन तक विकास कार्यों,स्वालंबन और सशक्त भारत के अभियान को गति देने हर घर स्वदेशी-घर-घर स्वदेशी अपनाने इत्यादि पर चर्चा होगी।

## मोबाइल दुकान में चोरी

हिरणपुर (पाकुड़)। थाना क्षेत्र के हिरणपुर-दुमका मुख्य मार्ग पर स्थित मुकेश कुमार दे की मोबाइल दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, चोरों ने बड़ी चालाकी से दुकान के छत का अल्बेस्टर शीट उठाकर अंदर प्रवेश किया और चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकानदार मुकेश कुमार दे के अनुसार, दुकान में कई मोबाइल फोन ग्राहकों द्वारामरम्मत के लिए जमा किये गये थे। चोरों ने उनमें से लगभग चार सेपांच मोबाइल फोन और दो से तीन पावर बैंक चुरा लिए। घटना का पता उस समय चला जब सुबह दुकान खोली गयी, तो छत का हिस्सा टूटा हुआ पाया गया और कई सामान गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही हिरणपुर थाना के एएसआई सुकुल मरांडी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की आवश्यक जांच-पड़ताल की गयी।

# चोरी की आठ बाइक के साथ पार्ट्स बरामद

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** सारवां थाना क्षेत्र के बंदाजोरी पंचायत अंतर्गत कोड़ाडीह गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर चोरी की आठ मोटरसाइकिल और एक कटी हुई बाइक के पुर्जे बरामद किए हैं। कार्रवाई नवल मंडल उर्फ शंकर मंडल पिता रामू मंडल के घर पर की गई। पुलिस ने बताया कि जप्त की गई अधिकांश बाइक काले रंग की स्प्लेंडर प्लस हैं। इस संबंध में एएसआई मकबूल अंसारी के लिखित प्रतिवेदन पर अभियुक्त के विरुद्ध कांड संख्या 131/25 दर्ज किया गया है।



जानकारी के अनुसार, 25 अक्टूबर की दोपहर सारवां थाना को सूचना मिली थी कि कोड़ाडीह गांव में चोरी की कई मोटरसाइकिलें छिपाकर रखी गई हैं। थाना प्रभारी कौशल किशोर सिंह के निर्देश पर एएसआई मकबूल अंसारी एवं एएसआई धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव में छापेमारी की। इस दौरान नवल मंडल के घर के एक कमरे में आठ मोटरसाइकिल तथा एक कटी बाइक का रिम व अन्य पार्ट्स बरामद किया गया। पुलिस ने जब मोटरसाइकिलों के कागजात मांगे तो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। काफी देर तक इंतजार के बाद भी कोई व्यक्ति मोटरसाइकिलों का दावेदार नहीं बना। पुलिस का कहना है कि बरामद मोटरसाइकिलें चोरी की हैं, जिन्हें अवैध रूप से खरीद-बिक्री के उद्देश्य से वहां छिपाया गया था। जप्त मोटरसाइकिलों में एचए10 ईएलडी काला हीरो स्प्लेंडर, एचए10 ईआर काला हीरो स्प्लेंडर, एचए10 एजीजे स्प्लेंडर, सिल्वर कलर का एचए10 ईआर6 समेत कुल आठ मोटरसाइकिल शामिल हैं। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने सभी बाइक व पार्ट्स को जब्त कर थाना लाया है और आगे की जांच जारी है।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत पर मनाया गया जश्न

**देवघर।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा विश्व कप जीतकर रचा गया इतिहास पूरे देश में उत्सव का माहौल बना रहा है। इसी क्रम में जसीडीह स्थित श्री लीलानंद पागल बाबा उच्च विद्यापीठ में सोमवार को विद्यालय परिवार ने इस गौरवशाली उपलब्धि का हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तिरंगा लहराया, राष्ट्रगान और वंदे मातरम गाकर देशभक्ति का वातावरण बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य संदीप कुमार मिश्रा ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और टीम भावना के बल पर यह ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। यह जीत हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है और इससे देश का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है जो खेल या किसी अन्य क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना चाहती हैं। छात्राओं से उन्होंने आह्वान किया कि वे भी आत्मविश्वास और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर हों, क्योंकि दृढ़ संकल्प और सतत प्रयास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। विद्यालय परिवार ने दीप प्रज्वलन कर महिला क्रिकेट टीम के सम्मान में शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए जिससे पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो उठा। भारत माता की जय और जय हिन्द के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। अंत में विद्यालय परिवार ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को विश्व कप जीत की इस अभूतपूर्व सफलता पर हार्दिक बधाई दी और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उप-प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 13 दिसंबर को देवघर और मधुपुर में होगा लोक अदालत का आयोजन

**देवघर।** जिला प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार व्यवहार न्यायालय परिसर देवघर एवं अनुमंडल व्यवहार न्यायालय मधुपुर में आगामी 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि इस लोक अदालत से संबंधित समझौता बैठकें 13 अक्टूबर 2025 से ही प्रारंभ की जा चुकी हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के प्री-लिटिगेशन एवं लंबित मामलों का निपटारा आपसी सुलह और समझौते के आधार पर किया जाएगा। इसमें सुलहनीय आपराधिक मामले, चेक अनादरण एन.आई.एक्ट से संबंधित मामले, बैंक ऋण वसूली, मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा दावे, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, भू-अर्जन, बिजली व पानी के बिलों से संबंधित विवाद (असुलहनीय मामलों को छोड़कर सेवा से संबंधित वेतन, भत्ता तथा सेवानिवृत्ति लाभ से जुड़े मामले, राजस्व से संबंधित लंबित मामले, मालगुजारी, सुखाधिकार, इंजंक्शन सूट, विनिर्दिष्ट पालन आदि अन्य दिवानी मामले शामिल हैं। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित मामलों की त्वरित सुनवाई और निपटारा किया जाएगा। इसके लिए कोई भी पक्षकार या इच्छुक व्यक्ति अपने प्री-लिटिगेशन या लंबित मामले की सुनवाई हेतु आवेदन दे सकता है।


### साहेबगंज समाहरणालय
### जिला भू–अर्जन शाखा, साहेबगंज समाहर्त्ता या समुचित सरकार
### प्रारंभिक अधिसूचना
{अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन}

एल0ए0 संख्या– 67/2025–26/ 1206 /भू0अ0, साहेबगंज दिनांक–21.10.2025

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, साहेबगंज को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–छोटा आशिला, थाना सं0–96, अंचल–बरहरवा, जिला–साहेबगंज में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना साहेबगंज जिला अंतर्गत दुल्मीडांगा (आर.सी.डी.रोड) से शामनगर(आर.सी.डी. रोड)वाया आशिला, जामबाद रोड (लम्बाई–6.520 की.मी.) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य, परियोजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1)(ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–छोटा आशिला, थाना सं0–96, अंचल–बरहरवा, जिला–साहेबगंज में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **1.653** एकड़ मानक माप का भूखण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

| क्रम सं0 | खाता संख्या | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड संख्या) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 65 | 21 | रैयती | धानि दोयम | 0.033 | सतीस मंडल, पिता–वंषीलाल मंडल,जाति–सुडी, निवासी–निजग्राम | Road | 19 | 22 | 4 |
| 2 | 38 | 22 | रैयती | धानि दोयम | 0.036 | नूथर मियाँ,पिता–होलीम मियाँ,जाति–मोमिन,निवासी–बड़तल्ला | Road | 209 | 23 | 21 |
| 3 | 18 | 23 | रैयती | धानि दोयम | 0.03 | गाजो साहा, पिता–स्व0सूफल साहा,जाति–तेली, निवासी–सा0 तीनपहाड़ | Road | 24 | 32 | 22 |
| 4 | 8 | 32 | रैयती | धानि दोयम | 0.037 | इश्वर चन्द्र शील अ महेष चन्द्र शील, पिता–स्व0 हीरा लाल सिंह, वगैरह | Road | 31 | 49 | 23 |
| 5 | 53 | 34 | रैयती | धानि औवल | 0.009 | इबराहिम मियाँ,पिता–सागर मियाँ, जाति–मोमिन, निवासी–सजनाबिहो व निबूला मियाँ, पिता–सागर मियाँ,जाति–मोमिन, निवासी–सजनाबिहो व मूसा मियाँ, पिता–सागर मियाँ, जाति–मोमिन,निवासी–सजनाबिहो | - | Road | 35 | - |
| 6 | 53 | 35 | रैयती | धानि औवल | 0.024 | इबराहिम मियाँ,पिता–सागर मियाँ, जाति–मोमिन, निवासी–सजनाबिहो व निबूला मियाँ, पिता–सागर मियाँ,जाति–मोमिन, निवासी–सजनाबिहो व मूसा मियाँ, पिता–सागर मियाँ, जाति–मोमिन,निवासी–सजनाबिहो | - | Road | 36 | 34 |
| 7 | 53 | 36 | रैयती | धानि दोयम | 0.05 | इबराहिम मियाँ,पिता–सागर मियाँ, जाति–मोमिन, निवासी–सजनाबिहो व निबूला मियाँ, पिता–सागर मियाँ,जाति–मोमिन, निवासी–सजनाबिहो व मूसा मियाँ, पिता–सागर मियाँ, जाति–मोमिन,निवासी–सजनाबिहो | - | Road | 37 | 35 |
| 8 | 8 | 37 | रैयती | धानि औयम | 0.11 | इश्वर चन्द्र शील अ महेष चन्द्र शील, पिता–स्व0 हीरा लाल सिंह, वगैरह | - | Road | 38 | 36 |
| 9 | 35 | 38 | रैयती | धानि औवल | 0.382 | दुनी साहा,पिता–लालू साहा,जाति–तेली,निवासी–अग्गुत्या व धनास्यर शह, पिता–लालू साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या व प्रितम साहा,पिता–राम साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या, व फुन्तु साहा, पिता–राम साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या | - | Road | 39 | 37 |
| 10 | 35 | 39 | रैयती | धानि औवल | 0.083 | दुनी साहा,पिता–लालू साहा,जाति–तेली,निवासी–अग्गुत्या व धनास्यर शह, पिता–लालू साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या व प्रितम साहा,पिता–राम साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या, व फुन्तु साहा, पिता–राम साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या | - | Road | 40 | 38 |
| 11 | 78 | 40 | रैयती | धानि दोयम | 0.076 | बुधन मियाँ, पिता–पिगरू मियाँ, जाति–मोमिन,निवासी–बरतल्ला | - | Road | - | 39 |
| 12 | 35 | 48 | रैयती | धानि औवल | 0.073 | दुनी साहा,पिता–लालू साहा,जाति–तेली,निवासी–अग्गुत्या व धनास्यर शह, पिता–लालू साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या व प्रितम साहा,पिता–राम साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या, व फुन्तु साहा, पिता–राम साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या | Road | 49 | 47 | Road |
| 13 | 35 | 47 | रैयती | धानि औवल | 0.044 | दुनी साहा,पिता–लालू साहा,जाति–तेली,निवासी–अग्गुत्या व धनास्यर शह, पिता–लालू साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या व प्रितम साहा,पिता–राम साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या, व फुन्तु साहा, पिता–राम साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या | Road | 46 | 44 | 48 |
| 14 | 35 | 44 | रैयती | धानि औवल | 0.107 | दुनी साहा,पिता–लालू साहा,जाति–तेली,निवासी–अग्गुत्या व धनास्यर शह, पिता–लालू साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या व प्रितम साहा,पिता–राम साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या, व फुन्तु साहा, पिता–राम साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या | Road | 42 | 43 | 47 |
| 15 | 35 | 43 | रैयती | धानि औवल | 0.033 | दुनी साहा,पिता–लालू साहा,जाति–तेली,निवासी–अग्गुत्या व धनास्यर शह, पिता–लालू साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या व प्रितम साहा,पिता–राम साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या, व फुन्तु साहा, पिता–राम साहा, जाति–तेली, निवासी–अग्गुत्या | Road | 42 | 42 | 44 |
| 16 | 60 | 42 | रैयती | धानि औवल | 0.054 | रोहिन बसा मियाँ, पिता– मिया लाल मिया,जाति– मोमिन, निवासी– बरतला | Road | 101 | 113 | 43 |
| 17 | 80 | 113 | रैयती | धानि दौयम | 0.033 | हषिकेष मित्रा, पिता– द्रोणाचार्ज मित्र, जाति– ब्राहामण, निवासी– निजग्राम | Road | 102 | 114 | 42 |
| 18 | 8 | 117 | रैयती | धानि दौयम | 0.086 | इश्वर चन्द्र शील अ महेष चन्द्र शील, पिता–स्व0 हीरा लाल सिंह, वगैरह | Road | 114 | 118 | 114 |
| 19 | 58 | 118 | रैयती | धानि दौयम | 0.067 | मेंहदी मियाँ, पिता– जोरून मिया, जाति– मोमिन, निवासी– बरतला | Road | 116 | 120 | 117 |
| 20 | 8 | 120 | रैयती | धानि दौयम | 0.025 | इश्वर चन्द्र शील अ महेष चन्द्र शील, पिता–स्व0 हीरा लाल सिंह, वगैरह | Road | 119 | 121 | 118 |
पीड़ित परिवार के सदस्यों ने बताया कि रात में सभी लोग घर के अंदर सोए हुए थे। इसी दौरान, चोरों ने पिछवाड़े के दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोरों ने बक्शे में रखे चार लाख रुपये नकद और लगभग दो लाख पचास हजार रुपये मूल्य के जेवरात समेत कुल छह लाख पचास हज़ार रुपये लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोगों की नींद खुली, तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और बक्सा खुला मिला। घटना की सूचना तत्काल पथरोल थाना प्रभारी दिलीप बिलुंग को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने जल्द ही मामले की जांच के लिए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया है और आसपास के क्षेत्रों में जांच अभियान शुरू कर दिया है। इस बड़ी चोरी की घटना से पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और शीघ्र ही चोरी का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# फायरिंग कांड का खुलासा चार गिरफ्तार

## •देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** कुण्डा थाना क्षेत्र के करनीबाग सखुआ जंगल मोहल्ला में बीते एक नवम्बर 2025 को हुई फायरिंग की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस घटना में गोली लगने से स्थानीय निवासी कारु राउत पिता शंकर राउत की इलाज के दौरान सदर अस्पताल देवघर में मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक सौरभ के निर्देशानुसार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने थाना प्रभारी कुण्डा के नेतृत्व में लगातार छापेमारी अभियान चलाकर चार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया, जबकि



कांड में शामिल चार को विधि विरुद्ध किशोर को निरुद्ध किया गया है। उक्त संदर्भ में देवघर एसडीपीओ अशोक कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने कांड में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल (संख्या जेएच15 एके0832,एक देशी कट्टा तथा दो राउंड 9 एमएम की जिंदा गोली बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त प्रशांत झा के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर हथियार और कारतूस की बरामदगी की गई है। कांड में गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रशांत कुमार झा 28 वर्ष पिता अजय झा, निवासी करनीबाग थाना कुण्डा, दिव्यांश झा 19 वर्ष पिता राकेश रंजन झा, निवासी बावनबीघा थाना नगर, शिवम मिश्रा 19 वर्ष पिता विनय मिश्रा, निवासी डहुआ थाना कुण्डा, तथा चंदन कुमार शर्मा 40 वर्ष पिता स्वर्गीय सुरेश प्रसाद शर्मा, निवासी सखुआ जंगल मोहल्ला करनीबाग थाना कुण्डा जिला देवघर शामिल हैं। साथ ही चार विधि विरुद्ध बालकों को भी निरुद्ध किया गया है। जिन्हें विधि-नुसार बाल न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाकर सैकड़ों युवा छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़

## मां भवानी ट्रेडर्स पर गंभीर धोखाधड़ी का आरोप, मंत्री ने भी कंपनी की गतिविधियों पर उठाए सवाल




**मिनहाज राही**

**मधुपुर ।** शहर में विगत कई वर्षों से चल रहे एक सनसनीखेज धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें मां भवानी ट्रेडर्स नामक कथित संस्था पर सैकड़ों युवा छात्र-छात्राओं के भविष्य को अंधकार में धकेलने का गंभीर आरोप लगा है। सूत्रों का कहना है कि कंपनी ने युवाओं को ÷मुंगेरीलाल के हसीन सपने÷ दिखाकर लुभावनी योजनाओं का शिकार बनाया है, जिसका खामियाजा अब उनकी शिक्षा और आर्थिक स्थिति भुगत रही है।

**क्या है पूरा मामला?**

----------------

पीड़ित छात्र-छात्राओं और उनके परिजनों के अनुसार, मां भवानी ट्रेडर्स ने उन्हें शीघ्र और आसान कमाई के झूठे वादे किए। उन्हें बड़े-बड़े सपने दिखाए गए कि वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ शानदार आय अर्जित कर सकते हैं और जल्द ही एक सफल करियर बना सकते हैं।

?सूत्रों के मुताबिक, इस कंपनी ने मुख्य रूप से मल्टी-लेवल मार्केटिंग (स्स्स्) या इसी तरह की चेन योजनाओं के माध्यम से बिहार और झारखंड के सुदूर इलाकों के छात्रों को निशाना बनाया। उन्हें भारी-भरकम फीस जमा कराने के लिए प्रेरित किया गया और इसके बाद अन्य छात्रों को इस नेटवर्क में जोड़ने का दबाव बनाया गया।

**छात्रों के भविष्य से खिलवाड़**

-------------------

इस योजना के कारण छात्रों को भारी वित्तीय, शैक्षणिक और मानसिक नुकसान झेलना पड़ा है

भारी वित्तीय संकट- छात्रों ने कंपनी के झांसे में आकर अपनी बचत, माता-पिता से पैसे लेकर, कर्ज़ लेकर, यहाँ तक कि घर के जेवरात बेचकर या गिरवी रखकर मोटी रकम जमा की, जो अब डूब चुकी है।

**समय और ऊर्जा की बर्बादी**

छात्रों का कीमती समय उनकी पढ़ाई से हटकर कंपनी के ÷ट्रेनिंग÷ और लोगों को जोड़ने के बेतुके कामों में बर्बाद हुआ। मधुपुर के बावन बीघा, मछुवाटांड़, पनाह कोला, हरलटांड जैसे इलाकों में किराए के मकानों में रहने वाले हज़ारों छात्र-छात्राएँ रोज़ाना कंपनी की गतिविधियों का शिकार बनते हैं।

?गहरा मानसिक तनाव- धोखा मिलने और वित्तीय संकट के कारण कई युवा छात्र-छात्राएँ गहरे मानसिक तनाव और निराशा से जूझ रहे हैं। छात्रों के अनुसार, अब उनके पास न पैसा है, न समय और पढ़ाई पर भी ध्यान नहीं लग पाता है।

**मंत्री ने भी उठाए सवाल**

-------------------

इस धोखाधड़ी के सामने आने के बाद, विगत दिनों नगर परिषद परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सह मंत्री हफ़ीजुल हसन ने भी इसका ज़क्रि किया। मंत्री ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि उन्हें आज तक समझ में नहीं आया कि यह कंपनी आखिर क्या करती है? उन्होंने आश्वासन दिया कि इस तरह की फर्जी योजनाओं पर सख्त कार्यवाही की जाएगी जो भोले-भाले युवाओं को निशाना बनाती हैं।

**प्रशासन की भूमिका पर सवाल**

स्थानीय मंत्री की प्रतिक्रिया के बावजूद, यह घटना एक बड़ा सवाल खड़ा करती है कि ऐसे जालसाजी वाले ट्रेडर्स और कंपनियों पर सरकारी एजेंसियों की नज़र क्यों नहीं पड़ती। छात्रों के भविष्य को बर्बाद होने से बचाने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस से मामले की विस्तृत जांच करने और जल्द से जल्द पीड़ितों को न्याय दिलाने की उम्मीद है।

**सपनों के सौदागरों से रहें सावधान**

--------------------

युवाओं का भविष्य अनमोल है, इसे लुभावने झाँसों की भेंट न चढ़ाएँ

मधुपुर में जिस तरह से मां भवानी ट्रेडर्स जैसी कंपनियों द्वारा सैकड़ों युवा छात्र-छात्राओं को आसान और शीघ्र कमाई के हसीन सपने दिखाकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, वह अत्यंत चिंताजनक है। यह केवल एक संस्था विशेष का मामला नहीं है, बल्कि यह मल्टी-लेवल मार्केटिंग और चेन सिस्टम की आड़ में पनप रहे उस अंधेरे बाज़ार की हकीकत है, जो हमेशा सबसे पहले भोले-भाले युवाओं को ही अपना शिकार बनाता है।

आज का युवा, खासकर जो दूर-दराज के इलाकों से बड़े शहरों में पढ़ने आता है, वह अपनी पढ़ाई के खर्च और परिवार की उम्मीदों का दबाव झेलता है। ऐसे में, जब उसे कुछ लोग शानदार कपड़ों, बड़ी कारों और हवाई यात्राओं की तस्वीरें दिखाकर यह विश्वास दिलाते हैं कि वह बिना मेहनत के रातों-रात अमीर बन सकता है, तो वह आसानी से उनके जाल में फँस जाता है।आपका भविष्य आपकी सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी है। इसे मुंगेरीलाल के हसीन सपने% बेचने वालों के हाथों में न सौंपें!

# भारतीय महिला विश्व क्रिकेट टीम की जीत पर मंत्री हफीजुल ने दी बधाई व शुभकामनाएं



**मधुपुर (संताल एक्सप्रेस संवाददाता)।** भारतीय महिला विश्व क्रिकेट प्रतियोगिता में भारत की ऐतिहासिक जीत पर झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने भारतीय महिला टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि भारत की बेटियों ने एक बार फिर देश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। टीम की यह जीत हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, कड़ी मेहनत और जज्बे से यह सिद्ध किया है कि देश की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उनके संघर्ष और समर्पण ने आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का काम किया है।मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि यह जीत ÷नारी शक्ति÷ का प्रतीक है और खेल के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भारतीय महिला खिलाड़ी और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगी और देश का मान बढ़ाएंगी।उन्होंने साथ ही पूरे कोचिंग स्टाफ और सहयोगी दल को भी बधाई दी और कहा कि इस जीत में सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी की बैठक संपन्न, एक्टिविटी पर जोर, 100प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य



**मधुपुर(संताल एक्सप्रेस संवाददाता) ।** लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी की मासिक बैठक शहर के एक निजी होटल के सभागार में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों के साथ संपन्न हुई। क्लब अध्यक्ष लायन अरफी नाज़ के आदेश पर हुई इस बैठक में क्लब की मजबूती, एक्टिविटी, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य शिविर, ट्रैफ़िक हेलमेट जागरूकता, और वृक्षारोपण जैसे कई महत्वपूर्ण जनहितैषी कार्यक्रम चलाने की घोषणा की गई। सचिव लायन शीलू समद ने बैठक में सदस्यों की उपस्थिति पर संतोष जताते हुए शत प्रतिशत उपस्थिति को अनिवार्य बनाने पर ज़ोर दिया, जबकि ज़ोन चेयरपर्सन शौकत नाज़ ने जोनल बैठक आयोजित करने और 9 नवंबर को धनबाद में होने वाली कैबिनेट बैठक में शामिल होने पर चर्चा की। कोषाध्यक्ष लायन राम चंद्र झा ने क्लब में एक एक्टिविटी टीम बनाकर ज़्यादा से ज़्यादा गतिविधियों को अंजाम देने की बात कही। लायंस संजीदा खातून, संजय शर्मा, हेमंत नारायण, मोती सिंह, इखलाक चांद, राजेश कुमार, शाकिब अहमद, मयंक गुटगुटिया, सुभाष सिंह, संजय झा, अभिषेक गुटगुटिया और प्रिंस समद सहित सभी सदस्यों ने भी क्लब की एक्टिविटी को बढ़ाने और यूनिटी को मज़बूती प्रदान करने पर ज़ोर दिया। अंत में, लायन अभिषेक गुटगुटिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया और अध्यक्ष के आदेश से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

# देवघर में महिला खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित, खेल प्राधिकरण ने बढ़ाया हौसला



**देवघर।** जिला खेल प्राधिकरण एवं देवघर जिला बैडमिंटन संघ की ओर से रविवार को सब जूनियर सेपकटकरा एवं बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। रांची में आयोजित सब जूनियर सेपकटकरा प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम की खिलाड़ियों तथा धनबाद में आयोजित अंडर-15 और अंडर-17 बैडमिंटन चैंपियनशिप में बालिका युगल वर्ग की स्वर्ण पदक विजेता लाडली रोज को इस अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैडमिंटन संघ के सचिव कनिष्क कश्यप, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार बर्नवाल और कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा ने खिलाड़ियों और कोच सोनाली दुबे का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर सचिव कनिष्क कश्यप ने कहा कि खेल में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन सबसे आवश्यक तत्व है। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास और समर्पण बनाए रखने की अपील की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार बर्नवाल ने कहा कि खिलाड़ी अपनी गलतियों से सीख लें और उन्हें सुधारने के लिए और अधिक मेहनत करें ताकि भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को अनुभव और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए नियमित रूप से टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में सेपकटकरा विजेता टीम के साथ प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले अन्य खिलाड़ी और उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। इस आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाना और जिले में खेल संस्कृति को सशक्त बनाना रहा।

# मारवाड़ी कंवर संघ की एजीएम में अनियमितताओं के आरोप, लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर उठे गंभीर सवाल

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** मारवाड़ी कंवर संघ की वार्षिक आम बैठक पूर्व में दिनांक 27/02/2025 (एजीएम) में संगठन के संचालन और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को लेकर गंभीर अनियमितताएँ सामने आई हैं। सदस्यों ने आरोप लगाया कि संगठन के ट्रस्ट डीड और अन्य शासकीय दस्तावेजों में निर्धारित नियमों के अनुसार मतदान के माध्यम से कार्यकारिणी समिति के चुनाव की माँग की गई थी, लेकिन चुनाव प्रक्रिया का पालन किए बिना एक तदर्थ कार्यकारिणी गठित कर दी गई। बैठक में स्थापित मानदंडों और कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी से संगठन की लोकतांत्रिक भावना को ठेस पहुँची है। सदस्यों का कहना है कि इस कदम ने पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है, जिससे व्यापक असंतोष फैल गया है।

लोकतांत्रिक सिद्धांतों की अवहेलना से गठित कार्यकारिणी की वैधता और उसके भविष्य के निर्णयों पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है। सदस्यों ने यह भी कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई संगठन की पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया का पालन किए बिना गठित समिति अवैध है और उसे बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। साथ ही, उन्होंने आग्रह किया कि एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट के रूप में मारवाड़ी कंवर संघ को अपने ट्रस्ट डीड में उल्लिखित नियमों और विनियमों के अनुसार ही कार्य करना चाहिए, ताकि संगठन की साख और लोकतांत्रिक मर्यादा बनी रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री को हटाने की मांग पर भाजपा का धरना, किया विरोध प्रदर्शन

**संवाददाता**

**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी देवघर जिला इकाई ने चाईबासा में बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए जाने की घटना के विरोध में सोमवार को सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने झारखंड सरकार से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को पद से तत्काल हटाने की मांग की। भाजपा नेताओं का आरोप था कि झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी विभाग को लूटखसोट का अड्डा बना चुके हैं।

नेताओं ने कहा कि राज्य में मरीजों को एंबुलेंस तक नसीब नहीं होती, कई मरीजों को खटिया या रिक्शा पर अस्पताल लाया जाता है। अस्पतालों में बेड की भारी कमी है, मरीजों को फर्श पर सुला दिया जाता है। ऐसे में स्वास्थ्य मंत्री को जनता की चिंता नहीं है। यह स्थिति राज्य के स्वास्थ्य




तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने कहा कि चाईबासा की घटना बेहद दुखद और शर्मनाक है, जिसमें छोटे बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ा दिया गया।

उन्होंने कहा कि इस गंभीर लापरवाही के बावजूद स्वास्थ्य मंत्री चुप्पी साधे बैठे हैं। भाजपा ने राज्यपाल के नाम सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपते हुए स्वास्थ्य मंत्री को पद से तत्काल हटाने की मांग की है। रवानी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो भाजपा सड़क से लेकर सदन तक विरोध प्रदर्शन करेगी। धरना कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सचिन रवानी, संजीव जजवाड़े, नवल अधीर, चंद्र भैया राय, कन्हैया झा, रवि तिवारी, सचिन सुल्तानिया, चंद्रशेखर खवाड़े, विजया सिंह, धनंजय तिवारी, धनंजय खवाड़े, बलराम पोद्दार, सोना धारी झा, आशीष दुबे, सौरभ पाठक, शेखर सुमन जूनियर, बाबूलाल मरांडी, संजय गुप्ता, सुलोचना देवी, कुसुम सिंह, अलका सोनी, संध्या कुमारी, अमित कुमार, उमाशंकर प्रजापति, विश्वनाथ रामानी, अशोक गोण, बबलू पासवान, गौरी शंकर शर्मा, पवन पांडे, प्रमोद राय समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ऑफ मधुपुर ने समाजसेवा के नए संकल्पों के साथ बढ़ाया कदम

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** लायंस क्लब ऑफ मधुपुर की एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक बैठक क्लब अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक की अध्यक्षता में एक निजी होटल के सभागार में संपन्न हुई। लायन विजय आनंद लछीरामका द्वारा लायंस प्रतिज्ञा और स्वागत भाषण के साथ शुरू हुई इस बैठक में अध्यक्ष प्रेम पाठक ने सदस्यों का स्वागत करते हुए क्लब की आगामी कार्ययोजना पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब ऑफ मधुपुर का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों तक सेवा और सहयोग पहुँचाना है। बैठक में स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, पर्यावरण एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा हुई, जिसके बाद सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें प्रमुख रूप से अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से मधुपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में



आमजन को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वॉटर चिलर मशीनें स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही, आगामी महीनों में नेत्र जांच शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, वृक्षारोपण अभियान एवं जागरूकता रैली आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

इस दौरान श्रीमती राधिका टिबड़ेवाल ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में लायन बिनोद लछीरामका, लायन सुवेंदु दा, लायन रजनी पाठक, लायन नीलम डालमिया, लायन अंचल मोदी, लायन मनोज डालमिया, लायन विशाल चौरसिया, लायन भोला पटेल, लायन श्याम टीबरेवाल, लायन दीपक जयसवाल, लायन अटल चौरसिया, लायन महेंद्र घोष, लायन रूपेश मोदी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का समापन सामूहिक सेवा संकल्प, धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।


## कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, साहेबगंज
## संयुक्त कृषि भवन, प्रेम नगर,जिरूवाबाड़ी साहेबगंज

Email :- dhosbg@rediffmail.com पिन कोड :– 816109

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2025–26 दिनांक 18.10.2025 जिसका PR 364639 District (25-26) **है,** निविदा की अंतिम तिथि 03.11.2025 को विस्तारित करते हुए दिनांक 11.11.2025 को निर्धारित की जाती है। निविदा के साथ संलग्न Annexure -1 में मांगे गये विभिन्न समाग्रीयों के अतिरिक्त कुछ अन्य समाग्रीयों को Annexure -1 में समाहित किया गया है।

इच्छुक निविदादाता संशोधित Annexure -1 की विस्तृत जानकारी जिला उद्यान पदाधिकारी कार्यालय, साहेबगंज एवं जिला के अधिकारीक वेवसाइट www.sahibganj.nic.in से प्राप्त कर सकते है।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 11.11.2025 के अपराह्न 1:00 बजे तक एवं निविदा खोलने की तिथि 11.11.2025 के अराह्न 3:00 बजे तक निर्धारित की जाती है।

पूर्व प्रकाशित निविदा की अन्य सभी शर्ते एवं नियम यथावत रहेगें।

जिला उद्यान पदाधिकारी
साहेबगंज।

PR.NO.365102 District(25-26:D

कार्यालय
## उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, दुमका (झारखण्ड)
(जिला सामान्य शाखा)

**संशोधित आम सूचना**

निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि खराब मौसम एवं लगातार बारिश होने के फलस्वरूप जल–जमाव के कारण चौकीदार नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा, 2025 से संबंधित शारीरिक माप एवं जाँच (एक मील की दौड़) हेतु निर्धारित स्थल स्पोर्टस काम्पलेक्स, फुटबॉल स्टेडियम, कमार दुधानी, मसलिया रोड, दुमका के परिसर में शारीरिक माप एवं जाँच (एक मील की दौड़) परीक्षा के अनुकूल स्थितियाँ न होने के कारण शारीरिक माप एवं जाँच (एक मील की दौड़) परीक्षा की तिथियों में निम्नवत आंशिक संशोधन किया जाता है :–

| क्रमांक | पूर्व में निर्धारित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | 04.11.2025 | 06.11.2025 |
| 2. | 05.11.2025 | 07.11.2025 |
| 3. | 06.11.2025 | 08.11.2025 |

उपर्युक्त बदलाव के आलेक में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक माप एवं जाँच (एक मील की दौड़) परीक्षा हेतु रोल क्रमानुसार, निर्धारित तिथि एवं पालीवार समय (Reporting Time) जिला के अधिकृत वेबसाईट dumka.nic.in पर अपलोड की कर दी गई है।

शारीरिक माप एवं जाँच (एक मील की दौड़) परीक्षा हेतु पूर्व में निर्गत आम सूचना, कार्यालय ज्ञापांक–1507/सा0, दिनांक– 01.11.2025 में अंकित महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश यथावत रहेंगे।

उप समाहर्त्ता,
जिला सामान्य शाखा, दुमका

PR 365134 District (25-26)_D

## जिला कृषि कार्यालय, गोड्डा
## किसानों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

पिछले तीन दिनों में चक्रवाती बारिश के कारण किसानों की धान और अन्य फसलों को नुकसान पहुँचने की जानकारी मिल रही है। अतः वे सभी किसान जिन्होंने खरीफ 2025–26 में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत धान मक्का एवं अन्य फसलों का बीमा कराया है और जिनकी फसल कटाई के 14 दिनों के भीतर ओलावृष्टि/चक्रवाती तूफान/बेमौसम बारिश/आग के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है। वे नुकसान के 72 घंटे के भीतर कृषि हेल्पलाइन **टोल–फ्री नंबर 14447** पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराकर बीमा क्षतिपूर्ति का लाभ उठा सकते है। शिकायत दर्ज करते समय किसान का बीमा नंबर या आवेदन संख्या बीमा कंपनी (ICICI-Lombard General Insurance Com. Ltd) किसान का नाम/ फसल का नाम तथा ग्राम/प्रखण्ड का नाम बताना आवश्यक है ताकि दावे का उचित तरीके से निपटारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त किसान बीमा ऐप के माध्यम से तथा जिला सहकारिता पदाधिकारी, गोड्डा के कार्यालय/जिला कृषि पदाधिकारी, गोड्डा के कार्यालय में भी आवेदन (साक्ष्य के साथ) जमा करा सकते हैं ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गोड्डा

PR 365139 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)25-26*D

## e-PROCUREMENT CELL OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING DIVISION,DIST-PAKU
## Re-TENDER NOTICE

Tender Reference No:-16/2025-26/EE/BCD/PAKUR Date:-03.11.25

| (i) | LIST OF WORKS- | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | NAME OF WORK | ESTIMATED COST (RS.) | COST OF BOQ (RS.) | EARNEST MONEY (RS) | COMPLETION PERIOD | TENDER ID |
| 1 | THE CONSTRUCTION OF FOUR ADDITIONAL CLASS ROOM IN PM SHRI SCHOOL JAWAHAR NAVODAY SCHOOL PAKUR ONE VILLAGE TELIAPOKHAR DIST-PAKUR | 4454900.00 | 5000.00 | 89098.00 | 180 Days | 2025_BCD_102735_1 |
| (ii) | DATE OF TENDER PUBLISHED ON WEBSITE-08.11.2025 | | | | | |
| (iii) | LAST DATE AND TIME OF TENDER RECEIVING ON WEBSITE-22.11.25 UPTO5.00 PM | | | | | |
| (iv) | TENDER OPENING PLACE WITH DATE AND TIME-e-Procurement Cell, Office of The Superintending Engineer, Building Circle, Dumka ,ON 24.11.25 FROM 11.30 AM | | | | | |
| (v) | TENDERINVITINGOFFICEWITHADDRESS-e-PROCUREMENTCELL,OFFICEOFTHEEXECUTIVEENGINEER,BUILDINGDIVISION,PAKUR | | | | | |
| (vi) | CONTACTNO.OF e-PROCUREMENT OFFICER | | | | 9279718158 | |
| (vii) | HELPLINENO.OF e-PROCUREMENT CELL | | | | 6201837151 | |

Furtherdetailsandsubsequentamendmentscanbeseenonwebsitehttp://jharkhandtenders.gov.in

NODAL OFFICER e-PROCUREMENTCELL - CUM -EXECUTIVEENGINEER OFFICEOFTHEEXECUTIVEENGINEERBUILNG DIVISION, DIST - PAKUR

PR 365114 Building(25-26)D

# विद्यालय में निर्मित सोकपिट में अनियमितता, डीसी ने किया जूनियर इंजीनियर को शॉ-कॉज



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने सोमवार को जामा प्रखंड अंतर्गत भूटोकोड़िया पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय काशीकोड़िया एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय भूटोकोड़िया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालयों में पठन-पाठन की व्यवस्था, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की स्थिति एवं विद्यालय परिसरों की स्वच्छता का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से बातचीत करते हुए उनके अध्ययन स्तर की जानकारी ली एवं कई विषयों पर सवाल भी पूछे, जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। इस दौरान बच्चों ने उपायुक्त से विद्यालय में एक अतिरिक्त शिक्षक की नियुक्ति का अनुरोध किया। इस पर उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि शिक्षक की कमी से संबंधित समस्या पर शीघ्र कार्रवाई कर समाधान किया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय परिसर में निर्मित सोकपिट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि सोकपिट का निर्माण तो कराया गया है परंतु उसे ढका नहीं गया है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित कनीय अभियंता को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि नियमित रूप से उपस्थिति एवं पठन-पाठन की गुणवत्ता पर ध्यान दें, ताकि विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न हो।

## ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को लेकर डीसी ने पदाधिकारी को दिया आदेश



**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने सोमवार को जामा प्रखंड के भुटोकोड़िया ग्राम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से मिल रहा है अथवा नहीं, इस संबंध में जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि उन्हें जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पेंशन योजना एवं मईया सम्मान योजना से संबंधित लाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर उपायुक्त ने जामा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि विशेष शिविर आयोजित कर इन सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उपायुक्त ने लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) को भी निर्देश दिया कि केवाईसी अद्यतन सहित अन्य बैंकिंग संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग कैम्प आयोजित किए जाएं, ताकि प्रत्येक पात्र लाभुक को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बीडीओ को दीदी की दुकान खोलने का भी निर्देश दिया, ताकि ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ-साथ महिलाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जो बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र नहीं जा पाते हैं, उन्हें सहायिका एवं पोषण सखी मिलकर केंद्र तक पहुंचाने का कार्य करें, ताकि प्रत्येक बच्चे को पोषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध हो सके। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करते रहें और योजनाओं की प्रगति की निगरानी करें, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे।

### भाजपा ने आयोजित की जामा विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन

# जब हम स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करेंगे तभी भारत की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी : दुर्गा मरांडी




संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** भारतीय जनता पार्टी दुमका जिला के तत्वावधान में सोमवार को जामा विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा जब हम स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करेंगे और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देंगे, तभी भारत की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। आत्मनिर्भर भारत केवल आर्थिक अभियान नहीं, बल्कि देश की अस्मिता और गौरव से जुड़ा जनआंदोलन है।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गौरवकांत ने अपने वक्तव्य में कहा आज समय की आवश्यकता है कि हम अपने गांव और क्षेत्र में बने उत्पादों को प्राथमिकता दें। आत्मनिर्भरता का अर्थ है खुद के प्रयास से अपने समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाना। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज हर व्यक्ति 'वोकल फॉर लोकल' बनकर देश की सेवा कर सकता है।

सम्मेलन के प्रभारी एवं जामा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्री सुरेश मुर्मू ने कहा जामा क्षेत्र में कई परंपरागत हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद और वन आधारित संसाधन हैं, जिनसे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सकता है। भाजपा इन सभी क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

कार्यक्रम में रमेश मुर्मू, कालेश्वर लायक, राजू दर्वे, नवल किशोर मांझी, दुर्योधन राय, महेंद्र मंडल, देवेंद्र सिंह,हराधन मरिक, मनोज हांसदा, बिमल मरांडी, रामकृष्ण हेंब्रम, सोना लाल राय, देवनारायण पंडित, धनंजय पंजियारा, मनोज कुमार, पवन कुमार राय, अशोक धावलिया ,रमेश मुर्मू, धूरखेल मांझी, उपेंद्र मिर्धा, सुकमा देवी, भगन राय, जनार्दन मांझी, वीरेंद्र मरांडी, संतोष कुमार मांझी, सरस्वती देवी, आशीष कुमार सेन, उदित कुमार, भदेसर मलिक, दिलीप यादव, देवेंद्र मलिक, राम यश मांझी, प्रदीप दर्वे, अशोक मंडल ,तारा देवी, रामजी कुमार, प्रेमचंद्र गुप्ता,जोशना देवी,रामलाल हांसदा,नितांत मंडल,दीपक कुमार मांझी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, ग्रामीण जनता और महिला समूहों ने भाग लिया।

## तीन दिनों से सड़क पर पड़ा है बीमार सांड, मुहल्लेवासियों ने डीसी से की नप के उदासीन रवैये की शिकायत



**दुमका ।** दुमका शहर के शांतिनगर बगानपाड़ा मुहल्ले में तीन दिनों से एक सांड बीमार होकर सड़क पर पड़ा है।सांड को न पशु चिकित्सालय पहुंचाया जा रहा है और न ही सड़क से हटाया जा रहा है।मुहल्लेवासियों और राहगीरों को परेशानी हो रही है।स्थानीय मुहल्लेवासियों ने इसकी सूचना दुमका नगर परिषद के अधिकारियों और राजकीय पशु चिकित्सालय दुमका के डॉक्टरों को दी।पर नगर परिषद ने सांड को सड़क से हटा कर अस्पताल ले जाने की कोई पहल नहीं की।राजकीय पशु चिकित्सालय डॉक्टरों ने भी बीमार सांड का इलाज शुरू नहीं किया है।इलाज के अभाव में सांड की हालत रोज बिगड़ रही है।स्थानीय नागरिकों, सिविल सोसाइटी, एनजीओ के लोग और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा इस मामले में कोई संवेदना नहीं दिखाई जा रही है।मुहल्लेवासियों ने दुमका के उपायुक्त को आवेदन देकर पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए दुमका नगर परिषद के अधिकारियों के उदासीन रवैये की भी जानकारी दी है।उपायुक्त को आवेदन दिए जाने के बाद भी सोमवार को देर शाम तक बीमार सांड को न अस्पताल भेजा और न ही इलाज शुरू किया गया है।

## शिविर लगाकर किसानों को मुआवजा मिलेगा



**जरमुंडी ।** पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के प्रयास से मोंथा चक्रवात के कारण धान की फसल को हुई नुकसान का आकलन करते हुए जरमुंडी प्रखंड के किसानों को उसका मुआवजा दिया जायेगा। मुआवजा हेतु उपायुक्त ,दुमका द्वारा जरमुंडी प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायतवार शिविर लगाया जायेगा। जिसमें किसानों को समुचित जानकारी बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत उपलब्ध करवाई जानी है।सभी निबंधित किसानों से ससमय उक्त कैंप में पहुंचकर इसका लाभ उठाने की अपील किया गया है। बीएओ अक्षय कुमार साह ने बताया कि प्रखंड में 21,003 किसानों के द्वारा कुल 16411.90 हेक्टेयर में अपने फसल का बीमा कराया है, एवं जानकारी के अभाव में किसान अपने क्षतिपूर्ति हेतु अबतक कोई दावा नहीं किया है। सभी पंचायत भवन में क्रमशः गणेशलाल बर्णवाल, बीएओ अक्षय कुमार साह, बीटीएम मिथिलेश कुमार, एटीएम रामेश्वर हांसदा, क्षेत्र परिचालक भोलानाथ मंडल, प्रखंड प्रतिनिधि गोपाल रजक की प्रतिनियुक्ति पर्यवेक्षक के रूप में किया गया है।

## 151 कलश के साथ निकली भव्य शोभायात्रा



**जरमुंडी ।** जरमुंडी में सोमवार से श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष त्रयोदशी तिथि सोमवार को कथा दिवस के प्रथम दिन 151 महिलाओं के द्वारा दुर्गा मंदिर प्रांगण से कथा स्थल तक गाजे बाजे के बीच कलश शोभा यात्रा निकाली गई। महिलाएं कलश में जल भरकर मंदिर की परिक्रमा कर कथा स्थल पर पहुंची। पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच महिलाओं ने जल से भरे कलश को कथा स्थल पर रखा। इस कार्यक्रम में पंडित सपन झा के द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है। बताया कि कार्तिक उद्यापन को लेकर यह आयोजन किया गया है। कथा दिवस के प्रथम दिन उन्होने कहा कि जहां पर भगवान प्रतिष्ठित रूप से बैठते हैं वह मंदिर कहलाता है और जहां शिवजी बैठते हैं वहां शिवालय कहलाता है। जिस तरह से घर के माता-पिता की सेवा का काम घर की लक्ष्मी का है। कथा में यजमान प्रेमशंकर पत्रलेख बने हैं। कथा स्थल पर भजन संध्या का भी आयोजन होगा। स्थानीय भक्त शयमकान्त पत्रलेख, अनिल व अन्य श्रद्धालु तन मन से लगे हुए हैं। पंडित सुधाकर झा, पंडित नवीन झा एवं पंडित विक्की झा द्वारा धार्मिक अनुष्ठान को नियमपूर्वक संपन्न कराने में लगे हुए हैं।

## कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**गोपीकांदर ।** प्रखंड संसाधन केंद्र गोपीकांदर में प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत सोमवार को प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। संकुल स्तरीय विजेता रसोईयां सह सहायिकाओं ने बीपीओ समीम परवेज, डॉ हीरालाल मंडल, सीडीपीओ सुपरवाइजर सुलेन किस्कू के उपस्थिति में अपने पाक कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रसोईयां सह सहायिकाओं के चयन हेतु पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल का गठन किया गया, जिसमें बीपीओ समीम परवेज, प्रखंड शिक्षा विभाग कनीय अभियंता इगनातियुस हांसदा, एमडीएम ओपरेटर शिशील टुडु, राशिद आलम और गौतम प्रकाश शामिल थें। निर्णायक मंडल ने स्वाद, प्रस्तुति और पोषण के आधार पर प्रथम स्थान मध्य विद्यालय कारूडीह और द्वितीय स्थान उत्क्रमित प्रथमिक विद्यालय घुमापहाड़ी को दिया। बीपीओ समीम परवेज ने प्रथम स्थान पर रहे मध्य विद्यालय कारूडीह को 2000 रूपया का डेमो चेक देकर पुरस्कृत किया, वही द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले यूपीएस गुम्मापहाड़ी को 1000 रूपया का चेक देकर सम्मानित किया।

## कमारदुधानी स्थित आर्चरी स्टेडियम का डीसी ने किया निरीक्षण



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने सोमवार को कमारदुधानी स्थित आर्चरी स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने परिसर की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने खराब पंखा एवं अन्य सामग्रियों की मरम्मत कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उन्होंने आर्चरी ग्राउंड को समतल कराने तथा खराब मोटर पंप को ठीक कराने का भी निर्देश दिया।उपायुक्त ने फुटबॉल स्टेडियम में लाइट की व्यवस्था नहीं होने पर जिला खेल पदाधिकारी को आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप अपने जिले, राज्य एवं देश के लिए पदक लाएं। आपको किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो, यह जिला प्रशासन सुनिश्चित करेगा।÷

## डीसी ने की चौकीदार शारीरिक माप एवं जांच परीक्षा को लेकर समीक्षा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने सोमवार को चौकीदार शारीरिक माप एवं जांच परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। यह समीक्षा उन्होंने परीक्षा स्थल स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स फुटबॉल स्टेडियम कमार दुधानी स्पोर्ट्स परिसर में की।

इस अवसर पर उपायुक्त ने परीक्षा से संबंधित विभिन्न उप-समितियों एवं सहायक एजेंसियों के अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की सभी व्यवस्थाएँ पारदर्शी, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित की जाएँ।

उपायुक्त ने बताया कि 5 नवम्बर को ट्रायल रन आयोजित किया जाएगा, जबकि 6 से 8 नवम्बर तक मुख्य दौड़ परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कुल 1004 अभ्यर्थी दौड़ परीक्षा में भाग लेंगे। उन्होंने ग्राउंड को बेहतर ढंग से समतल करने का निर्देश दिया ताकि अभ्यर्थियों को दौड़ के दौरान कोई असुविधा न हो।

बताया कि सभी अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक एवं फोटोग्राफ सहित निबंधन किया जाएगा। प्रत्येक उम्मीदवार को आरएफआईडी टैग लगाया जाएगा, जिससे उपस्थिति एवं समय रिकॉर्डिंग की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी रहे।

दौड़ परीक्षा में पुरुष अभ्यर्थियों को 5 मिनट या उससे पहले 1 मील दौड़ पूरी करने पर 20 अंक,5 से 6 मिनट के बीच दौड़ पूरी करने पर 10 अंक, तथा 6 मिनट के बाद दौड़ पूरी करने वाले अभ्यर्थियों को अयोग्य माना जाएगा।

वहीं महिला अभ्यर्थियों को 8 मिनट या उससे पहले दौड़ पूरी करने पर 20 अंक,8 से 10 मिनट के बीच दौड़ पूरी करने पर 10 अंक, तथा 10 मिनट के बाद दौड़ पूरी करने वाली अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित किया जाएगा।

उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा पूर्व अभ्यर्थियों को वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी आवश्यक जानकारी दी जाए, ताकि उनके मन में किसी प्रकार का कोई संशय न रहे। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पूरी प्रक्रिया अभ्यर्थियों की उपस्थिति, शारीरिक माप, दौड़ एवं मूल्यांकन पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित की जाए। परीक्षा स्थल पर ग्राउंड एवं रनिंग ट्रैक पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही सुरक्षा, चिकित्सा, पेयजल, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग तथा अभ्यर्थियों के प्रवेश व निकास मार्ग की भी समुचित व्यवस्था की जा रही है।

## चलती ट्रेलर में लगी आग, चालक की सूझबूझ से टल गया बड़ा हादसा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मसलिया ।** थाना क्षेत्र के नागरापाथर के समीप रविवार की देर रात करीब 3 बजे एक चलती ट्रेलर में अचानक आग लग गई। हादसे में छत्तीसगढ़ निवासी चालक चंद राम नायक बाल-बाल बच गया।

जानकारी के मुताबिक ट्रेलर असम के नुमानीगढ़ में फेब्रिकेशन अनलोड कर पश्चिम बंगाल के आसनसोल जा रहा था। इस क्रम में मसलिया से गुजरते समय अचानक ट्रेलर के केबिन से धुआँ निकलने लगा और देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चालक ने तुरंत सूझबूझ दिखाई और ट्रेलर को सड़क किनारे रोककर अपनी जान बचाई। आग लगने की सूचना मिलते ही मसलिया थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुँची। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने नजदीकी तालाब से बाल्टियों में पानी लाकर आग पर काबू पाया। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। हालांकि आग से ट्रेलर का केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गया, लेकिन बड़ा विस्फोट या जनहानि होने से स्थिति टल गई।

## एमजी कॉलेज में सरदार पटेल की जयंती पर यूनिटी मार्च अभियान चला




संवाददाता

**रानीश्वर ।** सोमवार को मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1,3,4,एवं 5 की ओर से सरदार बल्लभ भाई पटेल को सम्मान देने के लिए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय माई भारत को नोडल विभाग के रूप मे रखते हुए रहा है द्य इस जयंती के उपलक्ष्य मे राष्ट्र निर्माण मे किये गए महान योगदानों को स्मरण करने के उद्देश्य से आयोजित सरदार बल्लभ पटेल के बारे मे एक व्याख्यान --एकता मे शक्ति--आज के युवाओं के लिए पटेल का सन्देश पर बिचार प्रस्तुत की गई द्य इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर नब कुमार पाल ने कहा हमें महापुरुषों के दृढ संकल्प, अद्यम साहस, अनुशासन को अपने जीवन मे हमेशा अमल करना चाहिए द्य इस अवसर पर इकाई 3 कार्यक्रम पदाधिकारी सह दुमका नोडल पदाधिकारी डॉ रूपम कुमारी ने सरदार पटेल की एकता मे शक्ति -- आज के युवाओं के लिए पटेल का सन्देश पर परिचर्चा की द्य आज के युवा देश के भविष्य, आज के युवा को देशभक्ति की भावना जागृत होने चाहिए द्य महापुरुषों के मार्गो को अपने जीवन मे अमल करनी चाहिए, इसके साथ ही इकाई 1 की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अवर्णा रॉय ने वालंटियर्स को उत्साहित की, जीवन मे अनुशासन के महत्व को समझाया द्य इकाई 4 कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रशांत पातर ने वालंटियर्स को उत्साहित किया साथ ही इकाई 5 कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर आशीष कुमार मंडल ने एक भारत के दृष्टिकोण के बारे मे विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की,. इस अवसर पर प्रोफेसर अन्थोनी हांसदा उपस्थित रहें द्य इस अवसर पर वालंटियर्स गुलाब मोहली, अमन पाल, सिंटू सोरेन,, प्रियंका भंडारी, कोयल पाल, पूर्व साहा, सीमा मिर्धा, रासमुनी मुर्मू, फालमुनी मुर्मू, मोनिका कुमारी, रूबी साहा,, माउ मंडल, अंशिका डे आदि उपस्थित रहें।

## टोटो ने महिला को मारी टक्कर, घायल

**काठीकुंड ।** दुमका जिला के काठीकुंड थाना क्षेत्र के काठीकुंड बाजार के साप्ताहिक हटिया कर घर जा रही थी महिला को सदर अस्पताल के समीप विपरीत दिशा आ रही तेज रफ़्तार टोटो ने महिला को ठोकर मारी , जिससे महिला आंशिक रूप जख्मी हो गई। जानकारी के मुताबिक घायल महिला खैरबानी गांव के रुक्मिणी देवी 55 वर्षीय बताए जा रहा है। वहां मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि तेलियाचक बाजार निवासी पंकज पाल विपरीत दिशा से काफी तेज रफ़्तार से टोटो चलाकर आ रहे था उसी क्रम में महिला को ठोकर मारकर मौके से फरार हो गया। जिसके मौजूद ग्रामीणों ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा कर भर्ती कराया।

## रानीघाघर गांव में गाय ने दिए दो बछड़े, देखने को उमड़ी ग्रामीणों की भीड़



**मसलिया(दुमका) ।** प्रकृति समय-समय पर ऐसे अद्भुत कारनामे करती है जो मानव को आश्चर्यचकित कर देते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा मसलिया प्रखंड क्षेत्र के रानीघाघर गांव के आदिवासी टोला में देखने को मिला, जहां मति मुर्मू नामक ग्रामीण महिला की गाय ने एक साथ दो बछड़ों को जन्म दिया। इस विचित्र और दुर्लभ घटना की खबर जैसे ही गांव में फैली, आसपास के क्षेत्रों से लोग इस अद्भुत दृश्य को देखने उमड़ पड़े। गांव के लोगों के लिए यह किसी चमत्कार से कम नहीं था। सभी की जुबान पर एक ही बात थी, ऊपर वाले का करिश्मा भी निराला है। आमतौर पर गाय एक ही बछड़े को जन्म देती है, लेकिन इस बार प्रकृति ने कुछ अलग ही कर दिखाया। मति मुर्मू ने बताया कि वह पिछले लगभग दस वर्षों से गाय पाल रही हैं, लेकिन ऐसा नजारा उन्होंने कभी नहीं देखा।मेरी गाय ने पहली बार दो बछड़ों को जन्म दिया है, दोनों बिल्कुल स्वस्थ और तंदुरुस्त हैं। यह मेरे जीवन का सबसे अनोखा पल है। गांव में इस घटना को लेकर श्रद्धा और उत्सुकता का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यह प्रकृति का दिव्य चमत्कार है, जो हमें याद दिलाता है कि सृष्टि में अब भी बहुत कुछ ऐसा है जिसे विज्ञान भी नहीं समझ पाया है।

## मयूराक्षी ग्रामीण इंटर कॉलेज के अध्यापक व स्टाफ को नहीं मिला तीन महीने से वेतन



**रानीश्वर ।** मयूराक्षी ग्रामीण इंटर कालेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी आवंटन रहने के बाबजूद विगत तीन महीना से वेतन पाने से बंचित हैं ।यहां तीस शिक्षक एवं कर्मचारी कार्यरत हैं साथ ही कालेज में 1033 छात्र अध्ययनरत हैं ।आबंटन रहने के बाबजूद अगस्त से अक्टूबर 25 तक का वेतन भुगतान नहीं हुई हैं । कालेज के शासी इकाई के शिक्षक प्रतिनिधि दीनबंधु मंडल ने बताया है कि शिक्षको को तीन महीना से भुगतान नहीं होने से उन शिक्षक एवं कर्मचारियों का माली हालत दयनीय हो गया है । दुर्गापूजा , कालीपूजा एवं छट पूजा में वेतन भुगतान नहीं हुई हैं । टी आर श्री मंडल ने शासी इकाई के सदस्य सह अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार को आवेदन देकर शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को वेतन भुगतान कराने की मांग किया है। ।

## कृषक-वैज्ञानिक अंतर्मिलन कार्यक्रम



**दुमका।** आत्मा सभागार, दुमका में परियोजना निदेशक आत्मा दुमका सह जिला कृषि पदाधिकारी दुमका की अध्यक्षता में सोमवार को कृषक-वैज्ञानिक अंतर्मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय रबी फसल की आधुनिक खेती एवं प्रबंधन था।इस अवसर पर दुमका जिला के सभी प्रखंडों से आए कृषक भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र दुमका के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान श्री अमृत कुमार झा, वरीय वैज्ञानिक डॉ. बी.के. महतो, वरीय वैज्ञानिक श्री भूषण कुमार सिंह, कृषि अनुसंधान केन्द्र दुमका के सह निदेशक ए.के. सहा एवं वरीय वैज्ञानिक शैलेंद्र मोहन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी राजेंद्र कुमार द्वारा उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं उनके लाभ से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

## भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता घनश्याम कापरी के निधन से भाजपा परिवार मर्माहत

**दुमका।** भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव कांत ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं जनसंघ के समय से ही संगठन को अपना जीवन समर्पित करने वाले स्वर्गीय घनश्याम कापरी के निधन से भाजपा परिवार मर्माहत है। उनका जाना न केवल सरैयाहाट प्रखंड बल्कि संपूर्ण गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि घनश्याम कापरी ने जीवनभर भाजपा की विचारधारा के प्रति निष्ठा, समर्पण और अनुशासन का परिचय दिया। उन्होंने पार्टी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उनके मार्गदर्शन और सादगीपूर्ण जीवन से अनेक कार्यकर्ता प्रेरित होते रहे हैं। आज सोमवार को उनके निवास स्थान पर जाकर उनके परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी गई तथा इस दुख की घड़ी में हर संभव सहयोग और साथ देने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव कांत, गोड्डा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, जगदीश राय, अंजय सिंह, दोनों मंडल अध्यक्ष सुरेश मंडल एवं विनोद यादव सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार टैंकर ने मारी सड़क किनारे खड़े डंपर में जोरदार टक्कर, बाल बाल बचा टैंकर चालक

**मसलिया ।** थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार, दुर्गापुर से गैस लोड कर दुमका की ओर जा रहा एक गैस टैंकर मसलिया नाला मुख्य मार्ग पर स्थित भाँगाहिंड़ लाइन होटल के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार टैंकर ने सड़क किनारे खड़े एक डंपर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैंकर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फँस गया। घटना की सूचना मिलते ही मसलिया थाना की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची और स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गनीमत यह रही कि टैंकर में भरी गैस से कोई रिसाव नहीं हुआ, वरना एक बड़ा विस्फोट या जनहानि हो सकती थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके को घेराबंदी कर लिया और यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। बाद में टैंकर और डंपर को सड़क किनारे हटा दिया गया। मसलिया थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि मामले की जाँच शुरू कर दी है,दुर्घटना के कारणों का पता लगया जा रहा है।

# पर्यटन एवं खेल विभाग सहित जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं का डीसी ने की समीक्षा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को पर्यटन एवं खेल विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं एवं विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।बैठक के दौरान सेल्फी ब्रिज पर पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त प्राक्कलन की समीक्षा की गई, जिसमें बताया गया कि प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है।

मसानजोर में जेटी लगाने के संबंध में उपायुक्त ने जल्द कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया।मलुटी में विद्युत कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई।तातलोई में प्रक्रियाधीन कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि निविदा का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा।संथालकाटा पोखर हेतु प्राप्त प्राक्कलन की समीक्षा भी की गई।उपायुक्त ने कमार दुधानी स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समतलीकरण कार्य की जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।फुटबॉल स्टेडियम, कमार दुधानी में विद्युत कार्य की स्थिति की समीक्षा की गई,योजना तैयार करने का निदेश दिया। बैठक के दौरान दुमका जिला खेल संघ के साथ आगामी बैठक हेतु तिथि निर्धारण तथा संघ के खाता संचालन की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त जिला स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी पर भी चर्चा हुई एवं आवश्यक निदेश दिया गया।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686